तापमान
अधिकतम 35.8 डिग्री
न्यूनतम 18.8 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026

10 पीएम आवास योजना की लॉटरी में सात हितग्राहियों ...



11 ग्रामीण अंचल में नारी शक्तियों का हुआ ...





# तालपुरी में 1.85 करोड़ का एसटीपी डेवलपमेंट का रेट तय नहीं इसलिए सालभर से अटका है प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

रिसाली निगम के अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक तालपुरी कॉलोनी में ही स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की तेज बदबू से निजात दिलाने के लिए बनाई गई योजना मूर्त रूप नहीं ले पाई है। एक साल पहले नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने कॉलोनी के मलजल को बीएसपी के मौजूदा पंपिंग स्टेशन तक पहुंचाने की व्यवस्था के लिए 1 करोड़ 85 लाख 87 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। हाल यह है कि इस कार्य के लिए निगम ने टेंडर भी कर लिया है। लेकिन वर्क आर्डर इसलिए जारी नहीं हो पाया कि वर्किंग रेट तय नहीं हो पाया है।

अलग खबर



## 8 हजार की आबादी को अब भी बदबू से होना पड़ रहा है परेशान

### वर्ष 2020 से बीएसपी ने दिया है एनओसी

बीएसपी ने ए और बी ब्लॉकों के एसटीपी की पाइप लाइन को अपने सीवेज पाइप से जोड़ने हेतु 11 सितंबर 2020 को एनओसी दे दिया था। पार्षद सविता ढवस ने 8 फरवरी 2022 को आयुक्त के सामने अपनी बात रखी तथा जनयाचिका के माध्यम से 17 फरवरी 2022 को शिकायत दर्ज कराई। जिसके जवाब में नगर निगम ने इस मद के लिए 2 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजने की बात कही। मामला आगे बढ़ता न देख पार्षद ने एक बार फिर 24 अप्रैल 2023 को कलेक्टोरेट में शिकायत की। इसके करीब दस महीने बाद निगम आयुक्त ने 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों के लिए उपलब्ध राशि में से 15 वें वित्त आयोग की मद से 1 करोड़ 95 लाख 16 हजार रुपए की राशि जारी करने का प्रस्ताव भेजा, लेकिन संचालनालय ने यह कहकर असहमति व्यक्त की कि प्रस्तावित कार्य 15 वें वित्त आयोग के टाइड ग्रांट (खास उद्देश्य) प्रावधान के अंतर्गत नहीं आते। प्रावधानों का हवाला देते हुए उसने आयुक्त को आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करने की सलाह अवश्य दी। रिसाली नगर निगम आयुक्त द्वारा पिछले साल 28 अक्टूबर को भेजे गए एक पत्र के जवाब में प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने कॉलोनी के मलजल को बीएसपी के मौजूदा पंपिंग स्टेशन तक पहुंचाने की व्यवस्था के लिए 1 करोड़ 85 लाख 87 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की। यह राशि 15 वें वित्त आयोग की मद से जुटाई गई है।

### हजारों लोग बदबू से हो रहे परेशान

तालपुरी एक रिहायशी इलाका है। उसके बावजूद भी हाउसिंग बोर्ड ने एसटीपी तालपुरी कालोनी के भीतर ही एसटीपी का निर्माण कर दिया। जिसकी वजह से लंबे अरसे से तालपुरीवासी दुर्गंधमय वातावरण में जीने के लिए मजबूर है। रहवासियों ने बताया कि सबसे ज्यादा दिक्कतें बारिश के समय आती थी। ज्यादा बारिश होने से डैनेज सिस्टम भी ठप हो जाता है। बारिश का पानी सिवेज से मिल जाता था। जिसकी वजह से बदबूयुक्त पानी इधर-उधर फैलता था। कालोनी के बीच में सिवेज सिस्टम होने की वजह से खिड़की-दरवाजे पूरे समय तक बंद कर रखना पड़ता है। स्वास्थ्य पर भी इसका असर पड़ता है।

### वर्क रेट एप्रुअल नहीं

टेंडर के बाद वर्क रेट एप्रुअल के लिए शासन को भेजा गया है। डेढ़ महीने हो गए हैं लेकिन शासन से अभी एप्रूअल नहीं आया है। एप्रूअल के लिए शासन को रिमांडर भी भेजे हैं। जल्दी ही वर्कआर्डर हो जाएगा ऐसी उम्मीद है।

**अखिलेश गुप्ता**, ईई रिसाली निगम

### जल्द ही समस्या होगी दूर

टेंडर के बाद एजेंसी भी तय हो गई है। हमारा पूरा प्रयास है कि जल्दी ही वर्कआर्डर हो जाए इसके लिए हम उपमुख्यमंत्री अरूण साव से भी लगातार संपर्क में हैं। तालपुरीवासियों की प्रमुख समस्या को हल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।

**-सविता ढवस**, पार्षद तालपुरी वार्ड 1

## खबर संक्षेप

### रजक समाज का परिचय व होली मिलन 15 को

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ रजक समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन व फूलों की होली मिलन समारोह का आयोजन सुपेला स्थित कर्मा विद्यालय साहू मित्र सभागार में है।समारोह रविवार 15 मार्च दोबपहर 2 बजे शुरु होगा। मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन होंगे। अध्यक्षता हाईकोर्ट बिलासपुर के चंदन सिंह निर्मलकर, सीएल निर्मलकर करेगें। विशेष अतिथि में प्रदेश अध्यक्ष धोबी समाज सूरज निर्मलकर झेरिया, छग रजक महासंघ अध्यक्ष किशन लाल निर्मलकर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रजक महासंघ प्रभुनाथ बैठा, छग रजक समाज महासंघ उपाध्यक्ष ओपी रजक, डिप्टी डॉयरेक्टर व कोषाध्यक्ष छग रजक समाज महासंघ आरएल मालवीय, महासचिव राष्ट्रीय रजक महासंघ चूडामणी निर्मलकर आदि मौजूद होंगे। इसके अलावा पहुना के रुप में नगर निगम भिलाई सभापति गिरवर बंटी साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पार्षद 17 भोजराज सिन्हा, केशव चौबे,लालचंद वर्मा, कालीबाड़ी भिलाई नगर अध्यक्ष संजय दत्ता, समाज सेवी राजू रजक, कृष्णा निर्मलकर भी पहुंचेगें।

### बायोमेट्रिक अपडेट के लिए अभियान जारी

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में आधार कार्ड के सुदृढ़ीकरण और बच्चों के डेटा अपडेशन के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट मेन्डेटरी बायोमेट्रिक अपडेट एमबीयू अभियान चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में जिले में कुल 23,905 मामले लंबित हैं, जिन्हें समय सीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले चार महीनों से विभिन्न स्कूलों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अब तक 50,000 से अधिक बच्चों का सफलतापूर्वक बायोमेट्रिक अपडेट किया जा चुका है। इस अभियान की समग्र प्रगति आकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 तक जिले में कुल 1,549 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

## तीसरे दिन अफीम के पौधों के काटकर समेटने की कार्रवाई हुई

# समोदा में अफीम के पौधे वाला एक और खेत ड्रोन और अधिकारियों की नजर से कोसों दूर

*8 करोड़ रुपये के अफीम की खेती के मामले में कई चौकाने वाले मामले सामने आ रहे हैं। जहां एक तरफ पुलिस खेत में मिले अफीम के पौधों को उखाड़ने का काम शुरू कर दी है। विश्वस्त सूत्रों की माने तो एक और खेत है जहां अफीम के पौधे लगाए गए हैं। अफीम की नई खेत पर अभी अधिकारियों की नजर नहीं पड़ी है। जांच में इसका खुलासा हो सकता है। पुलिस अधिकारी फिलहाल पहले मामले की जांच पड़ताल पेश कर रहे है।*

जेएम तांडी ▶▶भिलाई

हरिभूमि को विश्वस्त सूत्र से पता चला है कि अफीम के मामले में अधिकारियों द्वारा ढील देने की भी कोशिश की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले के मास्टर मांइड विनायक ताम्रकर का एक रिश्तेदार एक बड़े अफसर के साथ पढ़ा है। उस दोस्ती को निभाने के लिए वह अधिकारी गिरफ्तारी के बाद भी विनायक को वीआईपी ट्रीटमेंट दिलाने में लगा हुआ है। साथ ही साथ यह भी प्रयास कर रहा है इस मामले को मीडिया की चर्चा में आने से कैसे बचाया जाए।

हरिभूमि पड़ताल

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार 8 मार्च को समोदा में मिले अफीम के पौधे को उखाड़कर उसे खेत में ही इकठ्ठा किया गया है। जिला प्रशासन और पुलिस के द्वारा उसकी रात दिन रखवाली की जा रही है। जिस खेत में अफीम मिला है वहां कोटवार व पुलिस के जवान टेंट लगाकर ठहरे हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि उस जगह के आसपास स्थित खेत भी संदिग्ध घेरे में है। खेत के आसपास जाने के लिए कोई खास सड़क नहीं बनाई गई है।

बल्कि खेत के मेड़ के सहारे अफीम तक पहुंचने का रास्ता बनाया गया है। जांच में यह सामने आ रहा है कि 5 एकड़ 62 डिसमिल में अफीम की खेती पाई गई है। अब नया खेत मिलने से ऐसा लग रहा है कि और भी खेतों में ऐसे ही पौधे लगाए गए है। मामले में पुलिस ने अब तक भाजपा नेता विनायक ताम्रकर, विकास विशनोई, मनीष ठाकुर को गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी अचलाराम जाट फरार है।





### होली की लकड़ी लेने गए बच्चों ने खोला राज

ग्रामीणों के मुताबिक होली पर्व पर लकड़ी तोड़ने के लिए गांव के बच्चे खेत की ओर पहुंचे थे। लेकिन खेत में फूल जैस दिखने वाला पौधा का फोटो खींचकर किसी ने समोदा सरपंच अरुण गौतम को मोबाइल पर भेजा। उसके बाद सरपंच ने गूगल में सर्च किया तो फूल के बारे में बताया गया कि यह अफीम का पौधा है। सरपंच ने देर न करते हुए जेवर सिरसा पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस ने इस पर ध्यान नहीं दिया। सरपंच ने फिर प्रभारी से संपर्क कर जानकारी दी बावजूद कुछ खास नहीं हो पाया। सरपंच ने उसके बाद गुप्तचर विभाग के आरक्षक को कॉल कर सारे जानकारी अवगत कराया। फिर वह आरक्षक मौका ए वारदात को देख अफसर को बताया। फिर टीम पहुंची और आठ करोड़ रुपए के अफीम की खेती का भंडाफोड हो पाया।



### जमीन नापने बनी सात सदस्यों की टीम

मिली जानकारी के मुताबिक पटवारी हल्का नंबर 7 में पुलिस विभाग ने अवैध अफीम की खेती को लेकर कार्रवाई की है। इस दौरान जमीन को नापने के लिए सात सदस्यों की टीम बनाई गई है। जिसमें अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु, राजस्व निरीक्षक रेखा शुक्ला, शेष नारायण दुबे, पटवारी अनीता साहू, संदीप देशमुख, चंद्रिका खरे, शत्रुघन मिश्रा टीम में शामिल है। सदस्यों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण किए जाने की शिकायत मिलने के बाद परीक्षण कर भूमि की स्थिति का स्थल निरीक्षण सीमांकन के लिए कार्रवाई की जाएगी। झेंझरी समोदा में सरकारी जमीन का स्थल पर कब्जा पाया गया तो छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के अंतर्गत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### महिला भू-स्वामियों का हुआ पुलिस बयान

पुलिस ने बताया कि जमीन महिला स्वामी मधुमति ताम्रकर, प्रीतिबाला ताम्रकर का पुलिस ने बयान लिया है। दोनों ने बताया कि जमीन को पांच साल से विनायक ताम्रकर को दिया था। खेत में क्या कर रहा क्या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। बयान के बाद पुलिस ने जांच में तेज कर दी है। सोमवार को पुलिस घटनास्थल पर आरोपियों को लेकर जाएगी और पता करेगी कि वो लोग खेत में कैसे कब किस तरह अफीम का खेत तैयार करते थे और बाकी की प्रक्रिया को कैसे किया।



### हर पहलू से की जा रही है जांच

पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी है। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई है। घटनास्थल के आसपास के खेतों को ड्रोन कैमरे से चेक किया गया है। किसी को भी खेत को लेकर संदेह है पुलिस को तुरंत सूचना दे। जमीन स्वामियों का पुलिस बयान भी हो चुका है। आरोपियों को रिमाण्ड में लेकर पूछताछ की जा रही है। - **सुखनंदन राठौर**, एएसपी

# करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जा प्लाटिंग की कोशिश, जमकर हुआ बवाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग जिले में शासकीय जमीन पर खसरा बैठाकर अवैध कब्जा और फिर उसमें प्लाटिंग का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। हालत तो यह है कि शिकायत के बाद भी न तो निगम और न जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई कर रही है। ताजा मामला भिलाई नगर निगम के वार्ड 1 खम्हरिया जुनवानी क्षेत्र का है। यहां अनुष्ठा रेजिडेंसी के पास पेट्रोलपंप के ठीक बगल से नाले को पाटकर करोड़ों की सरकारी जमीन पर घेराबंदी कर कब्जा करने की कोशिश की गई है।

नाले की शासकीय जमीन पर कब्जा करने वालों ने नाले को पाटकर जाम कर दिया। इससे नाले का पानी रास्ते में बहने लगा। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया और नगर निगम में लिखित शिकायत भी की। जब निगम के अधिकारियों ने इस अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं की तो लोगों बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर रविवार को जमकर बवाल किया। लोगों ने जिला प्रशासन और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्मृति नगर चौकी का घेराव कर दिया। मामला तूल पकड़ते देख पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई की बात कहकर वापस आ गई। लोगों ने आरोप लगाया कि भू-माफिया के द्वारा लगभग एक एकड़

- **लोगों ने निगम व जिला प्रशासन पर मिलीभगत का लगाया आरोप, चौकी का किया घेराव**

शासकीय जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। लोगों ने एक खसरा नक्सा की कॉपी भी दिखाई।

उसमें दर्शाया गया कि 67, 68 खसरा की जमीन शासकीय जमीन थी। वहां पहले एक तालाब था। वर्तमान में उसे पाट दिया गया, लेकिन तालाब के अवशेष हैं। इसके बाद जिम्मेदार अधिकारी न तो यहां तालाब बना रहे हैं और न यहां सार्वजनिक उपयोग के लिए कोई योजना ला रहे हैं। कई बार इस जमीन का सीमांकन भी हुआ, लेकिन आज तक आरआई पटवारी के द्वारा सीमांकन रिपोर्ट तक नहीं दी गई कि ये जमीन शासकीय है या अन्य।

### विधायक ने सामुदायिक भवन बनाने का किया था वादा

चौकी का घेराव करने पहुंचे लोगों का कहना है कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने जब वार्ड एक से वार्ड परिक्रमा शुरू की थी तो उन्होंने वादा किया था कि जल्द ही वो इस जमीन पर एक समाजिक भवन का निर्माण कराएंगे, जिससे लोग यहां शादी व अन्य आयोजन में उपयोग कर सकें, लेकिन उनके द्वारा निर्माण नहीं किए जाने से भू-माफिया यहां कब्जा कर प्लाटिंग करने की कोशिश कर रहा है। लोगों का कहना है कि यदि इस जमीन पर उनके लिए सामुदायिक भवन का निर्माण कर दिया जाए, तो यह भू-माफियाओं की नजर से दूर हो जाएगी और गांव वालों की काम आएगी।

### गांव वाले करेंगे जमीन को संरक्षित

वहां के लोगों का कहना है कि उस शासकीय जमीन पर अब कोई कब्जा न कर सके इसके लिए वो अब खुद उस जमीन पर बाउंड्रीवाल बनाकर संरक्षित करेंगे। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि इस जमीन पर रेसीडेंसी के संचालक के द्वारा कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यहां के पार्षद रहे स्वर्गीय योगेश साहू की जमीन पर भी कब्जा किया था। लोगों ने कहा कि उन्होंने जोन 1 के आयुक्त को लिखित शिकायत भी दी थी, लेकिन जोन आयुक्त अजय राजपूत ने ऐसी कोई भी शिकायत और मामले की जानकारी होने से मना कर दिया गया।

## सिर्फ गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बाकी मरीजों को नहीं मिल रही सुविधा

# सिविल अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की मात्र दो दिन ही सोनोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई के सुपेला स्थित सिविल अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा फिर से शुरू कर दी गई है। लेकिन मरीजों को पूरी राहत अभी भी नहीं मिल पाई है। वजह है अस्पताल में नियमित रेडियोलॉजिस्ट की कमी। अस्पताल में नियमित रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था नहीं होने के चलते मरीजों को सोनोग्राफी जांच के लिए निजी सेंटरों में महंगी जांच कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

दरअसल अस्पताल में सोनोग्राफी जांच फिलहाल महीने में सिर्फ दो दिन 9 और 24 तारीख को ही की जा रही है। ऐसे में बड़ी संख्या में मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। खासकर

### रेडियोलॉजिस्ट की कमी का असर मरीजों पर




गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार जिस डॉक्टर को सोनोग्राफी की जिम्मेदारी दी गई है, उन्हें अस्पताल की ओपीडी भी संभालनी पड़ती है और ऑपरेशन भी करने होते हैं। इसी वजह से वे नियमित रूप से सोनोग्राफी जांच नहीं कर पा रहे हैं।

लंबे समय से सोनोग्राफी सुविधा बंद रहने के कारण पहले ही मरीजों को निजी अस्पतालों और जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा था, जहां जांच के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। अब सेवा शुरू होने के बाद भी सीमित दिनों के कारण समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों और मरीजों का कहना है कि सुपेला सिविल अस्पताल भिलाई का एक बड़ा सरकारी अस्पताल है, जहां रोज बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यहां नियमित रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति होना बेहद जरूरी है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पताल में जल्द से जल्द स्थायी रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाए, ताकि सोनोग्राफी जांच रोजाना हो सके और मरीजों को राहत मिल सके। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मरीज निजी सेंटर जाने को मजबूर

सिविल अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा शुरू तो है, लेकिन इसका लाभ फिलहाल केवल गर्भवती महिलाओं को ही मिल पा रहा है।ज्ञात हो कि हर माह की 9 और 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं के लिए शिविर का आयोजन किया जाता है। अन्य मरीजों की सोनोग्राफी जांच अस्पताल में नहीं हो रही है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल आने वाले कई मरीजों को डॉक्टर द्वारा सोनोग्राफी जांच कराने की सलाह दी जाती है, लेकिन अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण उनकी जांच नहीं हो पा रही है। ऐसे में मरीजों को मजबूरी में निजी सोनोग्राफी सेंटरों का रुख करना पड़ रहा है। निजी जांच केंद्रों में सोनोग्राफी कराने के लिए मरीजों को काफी अधिक रकम खर्च करनी पड़ती है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए यह खर्च उठाना आसान नहीं होता, जिससे उन्हें अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ रही है।



## खबर संक्षेप



### भस्म आरती में पत्नी के साथ शामिल हुए विधायक ललित

दुर्ग। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पत्नी मीनाक्षी चंद्राकर के साथ महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजे में होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने महाकालेश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि और विकास के लिए प्रार्थना की। ललित चंद्राकर ने कहा कि महाकालेश्वर का आशीर्वाद हमेशा उनके साथ है और वे प्रदेश के विकास के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि महाकालेश्वर की कृपा से प्रदेश वासियों का जीवन सुखी और समृद्ध बने, यही उनकी कामना है।

### दो सड़कों के लिए 95.36 करोड़ स्वीकृत

दुर्ग। राज्य शासन ने दुर्ग जिले में दो सड़कों के लिए 95 करोड़ 36 लाख 40 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से कुल 10.3 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने दुर्ग जिले में पुलगांव मुख्य मार्ग से अंजोरा-रसमड़ा राज्य मार्ग में 5.26 किमी फोरलेन सड़क के निर्माण के लिए 30 करोड़ 20 लाख 91 हजार रुपए मंजूर किए हैं। नंदनी रोड से अंवति बाई चौक तक 5.03 किमी केनाल रोड के लिए भी विभाग द्वारा 65 करोड़ 15 लाख 49 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है।

# नारी शक्ति का सम्मान : 500 से अधिक महिलाओं को योगामेट व पौधों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुबह दादा-दादी, नाना-नानी पार्क में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार प्रभारी शशि साहू, देवनारायण चंद्रकार, नरेंद्र बंजारे, शेखर चंद्रकार, लीना दिनेश देवांगन, लीलाधर पाल एवं हर्षिका संभव जैन के साथ प्रातः पार्क पहुंची। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दीं। इस अवसर पर महापौर का महिलाओं ने फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान योगा क्लब के सदस्यों ने महापौर का सम्मान करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में महिलाओं के उत्साह को देखते ही बन रहा था।

महापौर अलका बाघमार ने लायनेस क्लब दुर्ग सिटी द्वारा आयोजित महिला दौड़ कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। दौड़ में महिलाओं ने उत्साह के साथ दौड़ लगाना शुरू कर दिया और पूरे पार्क में ऊर्जा और उत्साह का माहौल बन गया।

## समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं महिलाएं : महापौर

### योगा क्लब के सदस्यों को बांटे गए मेट व पानी बोतल

योग क्लब के सदस्यों सहित मॉर्निंग वॉक के लिए आए 500 से अधिक महिलाओं को योगामेट, पानी की बोतल सेट तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधों का वितरण किया गया। महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम के समापन के बाद महापौर अलका बाघमार राम नगर वार्ड उरला मोर जमीन मोर आवास स्थल भी पहुँचीं, जहां हितग्राहियों को योगामेट, पानी की बोतल तथा पौधों का वितरण किया गया।



### बच्चों को मोबाइल से दूर करने दिया संदेश

लीना दिनेश देवांगन, पार्षद साजन जोसफ, रंजीता पाटिल, मनोज सोनी, नीरा खिचरिया,अनिता तिवारी,रत्न माला पलिया, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि घर में छोटे बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और उन्हें खेल-कूद तथा रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करें, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके।

## शादी से पहले सिकलसेल जांच के प्रति लोगों में जागरुकता की कमी

# सिकल कुंडली का मिलान बेहद जरूरी जोखिम भरा है दो सिकल वाहकों की शादी


सुवांकर रॉय ▶▶ भिलाई

सिकल सेल रोग को लेकर लोगों में जागरूकता की अब भी कमी है, जबकि इसके गंभीर परिणाम सामने आते रहे हैं। जागरूकता की कमी के कारण कई परिवार शादी से पहले जांच नहीं कराते, जिसका खामियाजा आने वाली पीढ़ी को भुगतना पड़ सकता है। इसलिए विवाह से पहले सिकल जांच कराना बेहद जरूरी है। बोन मैरो ट्रांसप्लांट और जीन थेरेपी से सिकल सेल बीमारी का इलाज हो तो सकता है। दुर्ग जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विगत तीन सालों में 1096118 लोगों की जांच की गई जिसमें 12738 लोग सिकल सेल वाहक पाए गए।

सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी है। अगर किसी युवक या युवती में सिकल ट्रेट यानी वाहक की स्थिति है, तो सामान्य जीवन संभव है, लेकिन समस्या तब बढ़ती है जब दो वाहक आपस में विवाह कर लेते हैं। ऐसी स्थिति में उनके बच्चों में सिकल रोग होने की आशंका काफी बढ़ जाती है। डॉक्टरों के अनुसार शादी से पहले सिकल कुंडली या सिकल स्टेटस की जांच करवा लेना एक जिम्मेदार कदम है। यह जांच साधारण ब्लड टेस्ट से हो जाती है। रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो जाता है कि व्यक्ति सामान्य है, वाहक है या सिकल रोग से पीड़ित है। ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में सिकल रोग के मामले अधिक पाए जाते हैं, लेकिन शहरी क्षेत्रों में भी यह समस्या मौजूद है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में सिकल सेल एनीमिया साहू, कुर्मी, पनिका और मुस्लिम समुदायों में ज्यादा देखा जाता है। अक्सर देखा जाता है कि माता-पिता में सिकल सेल बीमारी के कोई लक्षण नहीं है लेकिन उनके बच्चों में सिकल सेल एनीमिया के लक्षण होते हैं। इसका मुख्य कारण सिकल सेल वाहन एएस होते हैं। सिकल सेल वाहक व्यक्ति में आमतौर पर लक्षण नहीं होते लेकिन सिकल सेल वाहक वाले लोग सिकल जीन को अपनी संतान में स्थानांतिरत करते हैं। यदि दूसरा साथी भी वाहक एएस है तो बच्चों को सिकल सेल एनीमिया एसएस होने की संभावना है।

## इससे बच्चों में गंभीर बीमारी का खतरा




### कौन लोग होते हैं सिकल सेल वाहक

यदि किसी व्यक्ति को एक सिकल सेल जीन (एस) और एक सामान्य, गैर-सिकल जीन (ए) विरासत में मिलता है, तो वह व्यक्ति सिकल सेल वाहक होता है। इसे एएस हीमोग्लोबिन पैटर्न भी कहा जाता है। उनमें स्वयं सिकल सेल एनीमिया के कोई लक्षण नहीं होते हैं, लेकिन इनके बच्चों को सिकल जीन पाया जा सकता है। यदि जीवनसाथी भी वाहक है, तो जोखिम है कि उनके बच्चों को दो सिकल जीन मिल सकते हैं और उनमें सिकल सेल बीमारी हो सकता है।

### क्या है सिकल या सिकल सेल बीमारी

किसी व्यक्ति को सिकल या सिकल सेल बीमारी तब कहा जाता है जब लाल रक्त कोशिकाओं के अंदर हीमोग्लोबिन चिपक जाता है, जिससे कोशिका हंसिया (जिसे अंग्रेजी में सिकल कहते है) के आकार की हो जाती है। सिकल सेल नाजुक होते हैं और आसानी से टूट जाते हैं। सामान्य लाल रक्त कोशिकाएं लगभग 90 से 120 दिन तक जीवित रहती हैं, लेकिन सिकल सेल केवल 10 से 20 दिन तक जीवित रहती हैं। शरीर हमेशा पुरानी कोशिकाओं को बदलने के लिए नई लाल रक्त कोशिकाएं बनाता रहता है। इस वजह से सिकल सेल बीमारी वाले लोगों में आमतौर पर रक्त की मात्रा कम होती है। एनीमिया नामक इस स्थिति के कारण व्यक्ति में कमजोरी हो सकती है।

### तीन साल में 11 लाख लोगों की जांच में निकले 12738 वाहक

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दुर्ग जिले में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन कार्यक्रम के तहत 1 जुलाई 2023 से 25 फरवरी 2026 तक शून्य से 40 वर्ष के कुल 1096118 लोगों की सिकल सेल जांच की गई। इसमें 1062802 लोग नेगिटिव पाए गए। वहीं सिकल सेल ट्रेट्स (एएस) कैरियर है लेकिन खुद को आमतौर पर बीमारी नहीं के 12738 तथा सिकल सेल पॉजिटिव (एसएस) 1024 लोग पाए गए। वहीं अगर सिर्फ दुर्ग की बात करे तो 2023-24 में 39940 लोगों की जांच की गई जिसमें 4544 पॉजिटिव पाए गए। वहीं 2007 वाहक एएस, रोगी एसएस 171 तथा 199 एए न बीमारी, न कैरियर सामान्य पाए गए। इसी प्रकार 2024-25 में 26276 लोगों की जांच की गई जिसमें 3401 पॉजिटिव पाए गए। इसमें कैरियर वाहक एएस 1394 और सिकल सेल रोगी एसएस 510 और 199 सामान्य पाए गए।

### बोन मैरो या स्टेम सेल प्रत्यारोपण ही एक मात्र स्थायी उपचार

वर्तमान समय में अस्थि मज्जा (बोन मैरो) या स्टेम सेल प्रत्यारोपण ही सिकल सेल रोग का एक मात्र स्थायी उपचार है। अस्थि मज्जा या स्टेम सेल प्रत्यारोपण एक पद्धति है जिसमें दाता से स्वस्थ स्टेम सेल ली जाती है और किसी ऐसे इंसान में डाली जाती है जिसकी बोन मैरो ठीक तरह से काम नहीं कर रही है। ये स्वस्थ स्टेम सेल बोन मैरो को नए और स्वस्थ कोशिका बनाने में सहायता करता है। स्वास्य विभाग के अनुसार बोन मैरो अथवा स्टेम सेल प्रत्यारोपण में बहुत जोखिम होता है और इनके गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं जिसमें रोगी की मृत्यु भी हो सकती है। प्रत्यारोपण के सफल होने के लिए उनके बोन मैरो में समानता होनी चाहिए।

### जागरूक करने चलाया जा रहा अभियान

सिकल सेल एसएस पॉजिटिव मरीजों की काउंसलिंग कर जांच व उपचार प्रदान की जाती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शादी के पहले सिकल कुंडली की जांच लोगों को जरूर करवाना चाहिए। शहर में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों में भी सिकल सेल की जांच अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।

**-डॉ. जयप्रकाश चुनारकर,** नोडल अधिकारी, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन दुर्ग

# पीएम आवास योजना की लॉटरी में सात हितग्राहियों को मिला आवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ निगम सभागार कक्ष में किया गया कार्यक्रम

नगर पालिक निगम भिलाई में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी घटक) के तहत लाटरी का आयोजन निगम सभागार कक्ष में किया गया। लाटरी में मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी योजना से निर्मित आवास को शामिल किया गया है। इस खुली लाटरी प्रणाली के माध्यम से सात हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सभापति गिरवर बंटी साहू, पार्षद महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, नोडल अधिकारी सह अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन की उपस्थिति में आवेदक अरूण तिवारी, घमोतिन बाई, ओमेन्द्र कोल्हाकर, वंदना शिवरामवार, पैयरी बाई, सीता बाई एवं मोहम्मद खालिक को आवास आबंटित किया गया। इस योजना का मुख्य उददेश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगो को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराना है। लाभार्थियों ने इस अवसर पर खुशी जताते हुए शासन एवं निगम प्रशासन को धन्यवाद दिये। निगम ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजन नियमित रूप से करने की योजना बनाई है, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों तक इस योजना का लाभ पहुंच सके। लॉटरी के दौरान आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता ठाकुर, जी जागेश्वर साहू, मेहत्तर सोनी, भूषण निर्मलकर, मोहन राव, सावित्री सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खोला सार्वजनिक प्याऊ घर

सेलुद। तांदुला नहर पार गांधी चौक सेलूद में गर्मी को ध्यान रखते हुए प्याऊ घर खोला गया। जिससे राहगीरों को ठंडा पेयजल आसानी से मिल सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से रघुनंदन ठाकुर, दानेश्वर वर्मा,टामन लाल साहू,पीलू कश्यप, रमेश देवांगन,दुलार सिंह ठाकुर,राजू लाल यादव, ध्रुव ठाकुर,मेघू साहू,तोरन साहू,दीपक ठाकुर,दादू साहू,मयंक यादव,वेदांत यादव, कुणाल यादव,डोमेन्द्र यादव, तुषार मानिकपुरी एवं अन्य ग्रामीण जन की उपस्थिति रही।



# महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करना समाज की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ संप्रेक्षण गृह दुर्ग में जागरूकता कार्यशाला

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश, अधिवक्ता, महिला पुलिसकर्मी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस कार्यशाला का उद्देश्य महिला कर्मचारियों, महिला पुलिस, अधिवक्ताओं तथा मितानिनों के योगदान को रेखांकित करना तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। साथ ही महिला सशक्तिकरण के प्रति समाज में जागरूकता को बढ़ावा देना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य रहा।कार्यक्रम के दौरान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला



दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण प्रदान करने तथा उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करता है। मुख्य अतिथि जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। महिलाओं की सक्रिय सहभागिता से समाज और न्याय व्यवस्था संवेदनशील एवं सशक्त बनती है। इस अवसर पर दुर्ग अधिवक्ता संघ की महिला प्रतिनिधि ने भी विचार व्यक्त किया।

## रायपुर नाका क्षेत्र में भूखंड की होगी नीलामी

दुर्ग। नगर पालिक निगम के बाजार विभाग द्वारा रायपुर निगम क्षेत्र अंतर्गत नाका वाय-शेप ब्रिज के नीचे निगम आधिपत्य की दुकानों के बाजू स्थित रिक्त 10 भूखंडों की नीलामी प्रक्रिया को लेकर तिथि में संशोधन किया गया है। नगर निगम प्रशासन द्वारा इन भूखंडों के लिए नीलामी आमंत्रण की तिथि पूर्व में 6 मार्च निर्धारित की गई थी। किन्तु प्रशासनिक कारणों से अब इस तिथि को आगे बढ़ाते हुए अब 16 मार्च तक निर्धारित की गई है। पश्चात 17 मार्च को नगर निगम कार्यालय में प्राप्त निविदाओं को विधिवत खोला जाएगा। जानकारी के मुताबिक इस प्रक्रिया के माध्यम से निगम क्षेत्र में उपलब्ध रिक्त भूखंडों का व्यवस्थित उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा तथा राजस्व में भी वृद्धि होगी।

# सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी चैत्र नवरात्रि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ निकलेगी माता की पालकी यात्रा, प्रतिदिन कन्या भोज

श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर्व एवं मंदिर का 16 वाँ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मानते हुए 19 से 27 मार्च तक विशेष आयोजन किया जावेगा।

प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र पर्व पर सत्तीचौरा मां दुर्गा मन्दिर का वार्षिक उत्सव भी मनाया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने समिति की बैठक दुर्गा मंदिर में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर्व एवं 16 वा वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से बनाने का निर्णय लिया गया। समिति के विजय गुप्ता पिंकी ने बताया कि शहर के श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी, जिसकी बुकिंग प्रारंभ कर दी गई है। सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर में प्रत्येक नवरात्रि में लगभग 400 से अधिक ज्योति कलश



की स्थापना की जाती है, ज्योति कलश की बुकिंग मन्दिर परिसर में 15 मार्च तक होगी। इस वर्ष मन्दिर का 16 वां वार्षिक उत्सव मनाया जावेगा। जिसमें आकर्षक लाइट, टेंट एवं फूल से साज सज्जा कराई जा रही है, इसके साथ ही फूलों से साज-सज्जा कलकत्ता के कलाकरों द्वारा की जा रही है। समिति के सदस्य मनोज गुप्ता लाला ने बताया कि 19 से 27 मार्च तक माँ दुर्गा मंदिर प्रतिदिन में प्रातः 9 बजे माता जी का महाभिषेक किया जाएगा, जो कि धर्मप्रेमियों द्वारा परिवार सहित उपस्थित होकर किया जाएगा।

ज्ञात हो कि छोटी छोटी बालिकाओं को कन्या माता के रूप में पूजा जाएगा, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ एवं कन्या भ्रूण हत्या बंद हो इस आह्वान को लेकर विगत कई वर्षों से श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा, में प्रतिवर्ष चैत्र एवं क्वांर नवरात्र पर्व में सबसे बड़ा कन्या पूजन का आयोजन किया जाता है । इस वर्ष कन्या भोज का आयोजन एक दिवस आयोजित न करते हुए पूरे 9 दिवस तक आयोजित होगा, जिसमें प्रतिदिन कन्या माताओं का पूजन कर कन्या भोज करवाया जाएगा।

इस अवसर पर भजन संध्या, मंगलपाठ, जोड़े से सुन्दर कांड एवं जसगीत का आयोजन होगा जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भजन एवं जस गायकों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, इसके साथ साथ इस वर्ष पूरे शहर में भ्रमण करने हेतु माता जी की विशाल एवं ऐतहासिक पालकी यात्रा निकाली जावेगी, जिसमें छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों से विभिन्न प्रकार के बैन्ड बाजा, नाचा पार्टी बुलाई जा रही है, जिसकी तैयारी की जा रही है। बैठक में अजय शर्मा अशोक राठी, महेश टावरी, प्रवीण भूतड़ा, राजेश शर्मा, दीपक चावड़ा, मनोज भूतड़ा, सुरेश गुप्ता, कुलेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

## कैशलेस उपचार के लिए चिकित्सालयों की होगी ऑनबोर्डिंग

# पंजीयन नहीं करने वाले पंचायत सचिवों को मिलेगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ कलेक्टर ने की शासकीय योजनाओं के कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों की बैठक में प्रकरणों की विभागवार समीक्षा के साथ शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की । उन्होंने कहा कि शासन के वित्त विभाग द्वारा इम्पैनल्ड बैंकों में ही विभाग बैंक खाते का संचालन करे। नॉन इम्पैनल्ड बैंक विशेषकर आईडीएफसी, बंधन बैंक और उत्कर्ष बैंक से विभाग अपने बैंक खाते इम्पैनल्ड बैंक में ट्रांसफर करा लें। उक्त बैंकों में खाते रहने पर शासकीय राशि लैप्स होने पर संबंधित विभाग जिम्मेदार होंगे। कलेक्टर ने अवगत कराया कि विगत दिवस भी डीएलसीसी की बैठक में बैंकर्स द्वारा अवगत कराया गया है कि निष्क्रिय खातों को एक्टिव कर राशि संबंधित विभागों को लौटाई गई है। अधिकारी अपने विभागीय खाते की जांच कर इसकी पुष्टि प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक में वनमंडलाधिकारी दीपेश कपिल, एडीएम वीरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं सिल्ली थॉमस सहित सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ और समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।



### बायोमैट्रिक अटेंडेन्स पर ध्यान देने कहा

कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा शासकीय सेवकों को कैशलेस उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सीएमएचओ को कैशलेस उपचार हेतु चिकित्सालयों को ऑन बोर्डिंग कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम पंचायतों में राजस्व संबंधी अविवादित नामांतरण बटवारा पंजीयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पंचायतों में फरवरी माह के अंत तक एक-एक पंजीयन के निर्देश दिए गए थे। जिन पंचायतों में अभी तक पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुआ है, जनपद सीईओ संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस देना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से फाईल मूवमेंट और बायोमैट्रिक अटेंडेन्स पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने कहा।

### रेलवे परियोजना के संबंध में होगी बैठक

कलेक्टर ने अवगत कराया कि आगामी 9 तारीख को ग्राम कोनारी में रेल्वे परियोजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित रहें। साथ ही किसी भी प्रकार की विभागीय डाउट से एसडीएम दुर्ग को बैठक के पूर्व अवगत कराना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वामित्व योजना, गृह निर्माण मंडल को आवास निर्माण हेतु जमीन आबंटन, अनुसुचित जाति विकास प्राधिकरण के अंतर्गत निर्माण कार्य, स्कूली बच्चों का आधार अपडेशन, और खदानों का सीमांकन व सूचना फलक लगाने, वयवंदन और सिकलिंग चिन्हांकन, आयुष्मान योजना आदि की भी समीक्षा की गई।

# टीबी मरीज को मिला अंत्योदय राशन कार्ड, मिलेगा महतारी वंदन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ नहीं मिल पा रहा था सरकारी योजनाओं का लाभ

शहर की मलीन बस्ती आईएचएसडीपी कॉलोनी उरला की टीबी मरीज निर्धन असहाय परित्यकता महिला उर्मिला मानिकपुरी का अंत्योदय गरीबी रेखा राशनकार्ड बनाया गया। इसके पहले पटेल चौक स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक समीर होटक के सहयोग से इस महिला का बैंक खाता भी खुलवाया गया। इस महिला को विगत पांच वर्षों से टीबी है। उनका अब तक बैंक खाता नहीं होने से इसे महतारी वंदन योजना व गरीबी रेखा राशनकार्ड का लाभ नहीं मिल पाया था। किंतु दुर्ग महापौर अलका वाघमार के निर्देश के बाद यह संभव हो पाया। हंसराज नवयुवक मंडल के जयवर्धन गजभिए ने महापौर को वस्तु स्थिति की जानकारी दी थी। उन्होंने महापौर को



अवगत कराया कि महिला लंबे समय से इधर से उधर सरकारी दफ्तरों को चक्कर काट रही है। उसे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके बाद महिला का राशनकार्ड बन सका। संस्था ने इससे पहले कई जरुरतमंद नागरिकों जनसमस्या निवारण व सेवीय कार्य किया है। संस्था ने महापौर अल्का बाघमार, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पटेल चौक के शाखा प्रबंधक समीर होटक, खाद्य नियंत्रक अनुराग भदौरिया का आभार व्यक्त किया है। जयवर्धन गजभिए ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश के सारे टीबी मरीजों की जानकारी लेने और उनका अंत्योदय राशनकार्ड बनवाने की मांग की है।

# भावी मतदाताओं ने समझी चुनाव प्रक्रिया, चुने गए शाला प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मतदाता बनने के पहले मतदान की प्रक्रिया को भली भांति समझाने का सार्थक पहल शासकीय स्कूल कुम्हली में किया गया।

बैगलेस डे पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हली में चुनाव आयोग की चुनावी प्रक्रियाओं का हुबहू पालन करते हुए कक्षा परिषद एवं विद्यालय परिषद का चुनाव प्रिंटेड बैलेट पेपर पर गुप्त मतदान प्रणाली से करवाया गया, जिसमें प्रतिनिधि चुने गए। इसके लिए शैक्षिक नवाचारी शिक्षक छन्नूलाल साहू ने भारत निर्वाचन आयोग की व्यवस्थाओं और चुनाव सामग्रियों की प्रतिरुपात्मक व्यवस्था कर भारतीय राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को विद्यार्थियों को समझाया।

उन्होंने विद्यार्थियों को ही पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी बनाया और चुनाव संचालन के लिए तीन बार प्रशिक्षण दिया। मतदान प्रक्रिया मे काम आने वाली समस्त स्टेशनरी, पोस्टर, बैलेट पेपर, चुनाव चिन्ह, बुथ , रिजर्व दल, रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर आफिसर, चुनाव आयुक्त की व्यवस्था की। विद्यालय मे आठ मतदान केंद्र बनाए गए जिसमें तक्षशिला, नालंदा, विक्रम शिला, पाटलिपुत्र,अवन्तिका, शांति निकेतन,भोज, एवं प्रयाग, यह सभी प्राचीन भारतीय शिक्षा कला के विश्व प्रसिद्ध केंद्र रहें इसे छात्रों को समझने का अवसर मिला।

## निवार्चन आयोग की चुनाव प्रक्रिया का प्रायोगिक प्रदर्शन विद्यालय में

### चुनाव परिणाम जारी हुआ

चुनाव परिणाम में विजयी प्रत्याशियों की सूची जारी की गई। जिसमें कक्षा पहिली प्राची, दूसरी मे माया, तीसरी मे निधि, चौथी मे धनंजय, पांचवीं सागर, छठवीं वेदांत, सातवीं योगेश, आठवीं साक्षी एवं शाला नायक के लिए कोमेश साहू को एकतरफा जीत मिली। निर्वाचन अधिकारी ने एक पीठासीन अधिकारी को उपस्थित नहीं होने पर निलंबित कर दिया। उन्हें लिखित मे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। चुनाव सम्पन्न होने के बाद सभी सामाग्रियों को विद्यालय निर्वाचन शाखा मे जमा करा दी गई है। विद्यालय के निर्वाचन अधिकारी प्रभा सिंह ने कहा कि ऐसी प्रायोगिक गतिविधियों से बच्चे संपूर्ण विषय वस्तु को सुक्ष्मता एवं तीव्रता से सीख जाते हैं। यही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य है।

### निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को समझा स्कूली बच्चों ने



पीठासीन अधिकारियों को चुनाव आयुक्त द्वारा लिखित आदेश जारी किए गए। कुछ मतदान केंद्र के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार की गई थी। मतदाता छात्रों को मतदान के विद्यालय चुनाव रिटर्निंग आफिसर के हस्ताक्षर युक्त मतदाता पर्ची वितरित की गई। मतदान सबेरे आठ बजे से प्रारंभ हुआ। मतदान समाप्ति के बाद मतदान पेटी को सील करके मतगणना केंद्र संदीपनी भवन मे सुरक्षित रखा गया। मध्याह्न भोजन पश्चात मतगणना अधिकारी द्वारा काउंटिंग प्रारंभ की गई। सबसे पहले कक्षा नायक निम्न सदन (प्राथमिक कक्षाओं) का बैलेट पेपर गुलाबी रंग, उच्च सदन (पूर्व माध्यमिक कक्षाओं) का पीला रंग, शाला नायक का नीला रंग को अलग अलग कर, प्रत्याशी के नाम अनुसार बंडल बनाए गए।

## खबर संक्षेप



### बघेल पहुंचे सेलूद, शास्त्री से मुलाकात कर जाना हाल

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार 5 मार्च को पाटन विकासखंड के ग्राम सेलूद पहुंचे। यहां उन्होंने कबीर आश्रम में संत समाज के प्रमुख महंत सुकृत दास शास्त्री से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान भूपेश बघेल ने महंत सुकृत दास शास्त्री से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुलाकात के दौरान आश्रम में मौजूद संत समाज और श्रद्धालुओं से भी उन्होंने संक्षिप्त चर्चा की। बताया जा रहा है कि महंत सुकृत दास शास्त्री का स्वास्थ्य पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रहा है। इस दौरान सभी ने महंत सुकृत दास शास्त्री के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मौके पर मुख्य रूप से छोटे महंत परमेश्वर दास, पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्म, विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, सरपंच खिलेश मार्कण्डेय, राकेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### कलावती सिंह



**भिलाई।** सेक्टर 10 भिलाई निवासी कलावती सिंह 59 वर्ष का आकस्मिक निधन 7 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 मार्च को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सेवानिवृत्त एचसीएल वरिष्ठ प्रबंधक स्व. अलोक देव सिंह की पत्नी एवं अलका सिंह, आशुतोष सिंह व अनुराग कुमार सिंह की मां थीं।

### काजल गुप्ता



**भिलाई।** अनुष्ठा रेजिडेंसी जुनवानी रोड भिलाई निवासी काजल गुप्ता पति प्रशांत गुप्ता का निधन रविवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 मार्च सोमवार को दोपहर 1 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गांव-गांव में हुए कार्यक्रम

# ग्रामीण अंचल में नारी शक्तियों का हुआ सम्मान, खेल सहित कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विश्व महिला दिवस पर ग्राम पंचायत अकतई भवन प्रांगण में पंचायत के तीनों गांव अकतई, चारभाठा और रीवागहन की 36 स्वच्छता दीदियों का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित हुआ। ग्राम पंचायत के स्वच्छता समूह की दीदियों को सम्मान में ग्राम पंचायत द्वारा रापा, बाहरी, सुपा, गनबूट, ग्लब्ज एवं सभी को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने कहा कि संस्कार की प्रधानता के साथ महिलाएं कदम बढ़ाएं और ऐतिहासिक मंजिल पाएं। उपसरपंच दीपा मारकंडे ने कहा कि नारी तू नारायणी के ध्येय वाक्य को ध्यान रखकर महिलाएं काम करे गांव देश घर परिवार के विकास में नारी की सहभागिता गौरव मय इतिहास लिखती चली जाएगी। सम्मान समारोह में मनोज कुमार मांडवी, यमुना ठाकुर, बुद्धियारिन ठाकुर,, पुष्पा सिन्हा, कमलेश्वरी ठाकुर, पीताम्बर मारकंडे, पुष्पा साहू, उषा रात्रे, देवेंद्र साहू, हरीश साहू, देवराज ठाकुर , जीधन साहू अलख मारकंडे, योगेश ठाकुर स्वच्छता समूह दीदी के नाम, अध्यक्ष श्रीमति रमशिला साहू चारभाता, जानकी ठाकुर रीवागहन और दुर्गा साहू अकतई की गरिमामय उपस्थिति रही।

### संस्कार के साथ महिलाएं कदम बढ़ा कर मंजिल पाए : माधुरी



### महिला दिवसर पर महिलाओं को दी बधाई



**सेलूद/पाटन।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पंचायत पाटन की सभापति एवं वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद नेहा बाबा वर्मा ने नगर सहित अपने वार्ड की समस्त माताओं, बहनों और बेटियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा है कि "नारी शक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत है।

### महिला दिवस पर किया कौशल्या देवी का सम्मान

**अंजोरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद सदस्य संगीता साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी को स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### महिला दिवस और होली मिलन में नारी शक्ति का सम्मान



**नंदिनी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर ग्राम बागडूमर में सरपंच दामिनी साहू ने महिला दिवस और होली मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें गांव की लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के खेल खेले गए। मातृ शक्तियों का सम्मान हुआ और कन्याओं की आरती उतारी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ,महिला मोर्चा भिलाई जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, भिलाई जिला की महिला मोर्चा की महामंत्री ममता जँघेल ,समाज सेविका रीना सिंह, रोजलीना ,समाज सेविका पार्वती कुर्रे ,जनपद सदस्य बोरसी धमधा, हेमा साहू, बोरसी सरपंच साधना साहू,नंदिनी सरपंच खुशबू घनश्याम यादव, लीसी साहू और विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू शामिल रहे। इस दौरान स्वसहायता समूह की सदस्यों ने महतारी सदन की मांग रखी। सतीश साहू ने इस संबंध में मांग पूरी करवाने का आश्वासन दिया। अंत में महाप्रसाद का वितरण हुआ। सरपंच दामिनी साहू को समस्त अतिथियों ने शुभ आशीष दिए।

## अंचल की खबरें

### लोकार्पण में पंचायत प्रतिनिधियों की अवहेलना का आरोप




**पाटन।** दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय लोकार्पण कार्यक्रम में असोगा रानीतराई पंचायत को निमंत्रण नहीं देने का मामला सामने आया है। इससे ग्राम पंचायत के पंचों में भारी आक्रोश है। जिस ग्राम पंचायत असोगा ने अपनी भूमि का प्रस्ताव लेकर महाविद्यालय निर्माण में अहम भूमिका निभाई,आज उसी ग्राम के पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना नहीं दिए जाने पर कई सवाल उठ रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने कहा कि रानीतराई स्टेडियम और जामगांव रेस्ट हाउस सहित सभी जगहों में प्रशासन की उदासीनता से आज तक शिलान्यास का शिलालेख नहीं लगा। स्टेडियम कबाड़ में तब्दील नजर होने लगा है।क्षेत्र के खिलाड़ी निराश हो गए है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जिस परिवार को दानवीर भामाशाह के नाम से जाना जाता है,उसको भी आमंत्रित ना करना पूरे क्षेत्रवासियों का अपमान है। जनपद सदस्य रश्मि भेदप्रकाश वर्मा ने अगर ऐसी ही शासन प्रशासन की जवाबदेही निरंतर जारी रही तो जनता सब जानती है बोना भी और काटना भी।

### चिंगरी में शांतिपूर्ण माहौल में मनाई होली



**अंडा।** ग्राम चिंगरी दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में इस वर्ष होली का पर्व शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। गांव में सुबह से ही रंग-गुलाल की धूम रही। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। गांव के चौपाल और प्रमुख स्थानों पर लोग एकत्रित हुए, जहां सभी ने मिलकर होली के गीत गाए और खुशियां बांटी। बुजुर्गों ने युवाओं को परंपरा और संस्कृति का महत्व समझाते हुए त्योहार को मर्यादित और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की बात कही। इस दौरान पूरे गांव में शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहा।

### नगाड़ा बजाकर किया पारंपरिक नृत्य



**अंडा।** अंडा क्षेत्र में इस वर्ष होली का पर्व बड़े ही उत्साह और शांति के साथ मनाया गया। गांव में बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर पारंपरिक नगाड़ा बजाते हुए नृत्य किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। ग्राम निकुम, रूदा, भोथली, झोला, अछोटी, तिरगा, झोला,विनायकपुर, भरदा, कोनारी, जंजगिरी, सिरसिदा, परसदा, ओटेबंद, खप्परवाडा, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, चंदखुरी, कुथरेल सहित आसपास के अन्य गांवों में भी होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी गांवों में ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से शांतिपूर्ण वातावरण में उत्सव को संपन्न किया। इस अवसर पर दुर्ग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने अपने गृह ग्राम तिरगा में ग्रामीणों के साथ नगाड़ा बजाकर होली उत्सव में सहभागिता निभाई। बुजुर्गों ने डंडा नृत्य कर गांव की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत कर दिया। बना रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवराज देशमुख, राजेश्वर देशमुख, बलराम देशमुख, चंदू देशमुख, पोषण देशमुख, विजय बेलचंदन, अशोक देशमुख, लोकनाथ दिल्लीवार, परमानंद तिवारी, लक्ष्मण ठाकुर, दयाराम दिल्लीवार, टीकू दिल्लीवार, ललित देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शांति व सौहार्दपूर्ण मनाया रंगों का त्योहार



**उतई।** नगर पंचायत उतई सहित आस पास क्षेत्र में बुधवार को रंगों का त्योहार होली उत्साह, शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। रंगों की इस पावन पर्व पर सुबह से ही लोगो मे उत्साह देखने को मिला सोमवार 3 मार्च को देर रात क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया। बुधवार की सुबह से ही लोगों ने होली खेलना शुरू कर दिया। सुबह होते ही बच्चे, युवा व बुजुर्ग रंग और गुलाल लेकर एक दूसरे को रंग लगा कर एक दूसरे को बधाई देते हुए दिखे।

# धमधा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

## रजत बने जिला प्रवक्ता,मधुसूदन बने ब्लॉक कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) द्वारा धमधा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने आदेश जारी करते हुए बताया कि प्रस्तावित सूची को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे की सहमति के बाद अनुमोदित किया गया है।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जारी सूची के अनुसार मधुसूदन राणा को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा का कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में दिलीप मरढीया, टीकाराम उमरे, महेश कौशल, श्रीमती नोकेश्वरी ढीमर, कलीम कुरैशी और आशिष पाण्डेय को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री पद पर जीवन निर्मलकर, तामेश्वर दुबे, रोमन पटेल, दुखवा पटेल, रमेश शर्मा, अलखराम साहू, भारत भूषण सोनवानी और रामचंद्र निषाद को नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर चंद्रशेखर वर्मा, देवनाथ सोनकर, श्रीमती सोनल अग्रवाल, धरमपाल सोनी, टिभू वर्मा, उत्तम साहू, विनोद पटेल, नारद यादव, रामजी पटेल और ओमप्रकाश ठाकुर को दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्रीमती लक्ष्मी सिन्हा, कमलेश बंजारे, किशोर धार्मिक, राजकुमार कोसरे, संतोष यादव और दिनेश साहू को शामिल किया गया है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के प्रवक्ता के रूप में धमधा से रजत नायक को चुना गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन को मजबूत करने तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया। वहीं जिला महामंत्री राजीव गुप्ता ने सभी नवीन पदाधिकारियों को बधाई दी।

### दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नई नियुक्तियां
### जितेंद्र यादव और रोशन चंद्राकर बने सचिव



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नई नियुक्तियां की गई हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख के नेतृत्व में जितेंद्र यादव एवं रोशन चंद्राकर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का सचिव नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, राजेंद्र साहू, नन्द कुमार सेन सहित कई कांग्रेस नेताओं ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा जताई। नवनियुक्त सचिव जितेंद्र यादव और रोशन चंद्राकर ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस दौरान रिवेंद्र यादव, योगिता चन्द्राकर, टिकेश्वरी लाल देशमुख, राकेश हिरवानी, प्रदीप चन्द्राकर, रूपेश देशमुख, पुकेश चन्द्राकर, दिग्विजय सिन्हा, बैकुंठ महानंद, सहित कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।



### फाग प्रतियोगिता में झूम उठे ग्रामीण

**जामगांव आर।** दो दिवसीय फाग गायन प्रतियोगिता नवम वर्ष का आयोजन ग्राम बोरवाय में किया गया। जिसमें अंचल की ख्याति प्राप्त मंडलियों ने राधारानी एवं श्री कृष्ण के आकर्षक वेशभूषा एवं परिधान में अपनी प्रस्तुति दी। बोल बम सेवा समिति के युवा साथियों के द्वारा समस्त ग्रामवासी के सहयोग से किया गया। यह आयोजन ग्राम बोरवाय के पुरानी धरोहर को पुनर्जीवित करने का प्रयास है। जिसमें गांव के युवा पीढ़ी एवं बुजुर्ग सियान का समन्वय है। युवा कर्णधार गांव के सियान के मार्गदर्शन में फाग गायन एवं झांकी का आयोजन कर अपनी कला एवं संस्कृति को संजोने संवारने का कार्य कर रहे हैं। यह आयोजन विगत 9 वर्षों से अनवरत जारी है। तहसील साहू समाज पूर्व उपाध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि फाग प्रतियोगिता के माध्यम से जन मानस में संस्कृति का भरपूर संचार होता है और आने वाली पीढ़ी को संस्कृति और संस्कार से रूबरू होने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। आयोजन में डॉ गुलाब साहू नीरज सिन्हा अजय वर्मा दयाराम चंद्राकर , महेश चंद्राकर,केश लाल साहू,नेत राम यदु,रूप लाल साहू ,भेल चंद्राकर, संतोष साहू,लव साहू, अमरनाथ साहू,सुरेश साहू, दुलार यादव ,हर प्रसाद साहू,राजू यदु,लोकेश चंद्राकर,पेमन गुरूपरख,लेकेश्वर साहू, भूपेंद्र यादव,तामेश्वर साहू,रूप राम देवांगन,रेवा प्रसाद यदु,ढाल सिंह साहू धमना एवं बोल बम जस एवं फाग मंडली राधा कृष्ण मंदिर बोरवाय सहित समाजसेवीयो का सराहनीय सहयोग रहा।

### श्रीमद भागवत कथा में भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



**अंडा।** दुर्ग जिले के ग्राम चिंगरी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास पं. भूपेंद्र पाण्डेय महाराज (गुंडरदेही, जिला बालोद) ने ध्रुव चरित्र और कपिल चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान की भक्ति में लीन होकर कथा का आनंद लिया। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन समिति ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 13 मार्च तक ग्राम चिंगरी में प्रतिदिन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

## बिजनेस साइट

### ऑल कैप एक्टिव एफओएफ मार्केट-कैप के फैसलों को आसान बनाना



**अमेश्वर प्रसाद साहू**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई

**भिलाई।** म्यूचुअल फंड इस तरह से डिजाइन किए गए हैं कि निवेशकों को रिसर्च, स्टॉक चुनने, सेक्टर आबंटन, मार्केट कैप एक्सपोजर या पोर्टफोलियो रीबैलेंसिंग की चिंता किए बिना इक्विटी मार्केट में हिस्सा लेने का एक आसान और आसान तरीका मिल सके। लेकिन अब भारत में सैकड़ों सक्रिय तौर पर प्रबंधित इक्विटी-ओरिएंटेड म्यूचुअल फंड स्कीम मौजूद हैं, इसलिए म्यूचुअल फंड में निवेश करना कई निवेशकों के लिए उलझावपूर्ण और मुश्किल लग सकता है।

हालांकि रिसर्च, स्टॉक चुनने, सेक्टर एलोकेशन और रीबैलेंसिंग का ध्यान फंड मैनेजर रखते हैं, लेकिन किस मार्केट कैपिटलाइजेशन में निवेश करना है, यह फैसला अभी भी निवेशक पर ही निर्भर करता है। कई इक्विटी फंड कैटेगरी हैं जैसे लार्ज कैप, मिड कैप, स्मॉल कैप, लार्ज और मिड कैप, मल्टी कैप, फ्लेक्सी कैप वगैरह। इनमें से हर कैटेगरी खास, या मार्केट कैपिटलाइजेशन के कॉम्बिनेशन में निवेश करने के लिए बनाई गई है। निवेशकों के लिए यह चुनाव करना मुश्किल हो सकता है क्योंकि लार्ज, मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट अलग-अलग बाजार हालात में अलग-अलग प्रदर्शन करते हैं। सही समय पर सही एक्सपोजर लेने के लिए, अच्छी तरह से जानकारी लेकर और रिसर्च के आधार पर फैसले लेने की जरूरत होती है। यहीं पर फंड ऑफ फंड्स जो अलग-अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन में सक्रियता के साथ प्रबंधित इक्विटी-ओरिएंटेड फंड्स में निवेश करते हैं, वैल्यू ऐड कर सकते हैं।

ग्रोथ, महंगाई दर, ब्याज दरें, वित्तीय घाटा आदि फंडामेंटल पैरामीटर्स को ट्रैक करने के अलावा, ये फंड्स वैल्यूएशन के आधार पर अलग-अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन के संबंधित आर्कषण को तय करते हैं। मार्केट कैप आउटलुक के आधार पर, ये फंड्स उन मार्केट सेगमेंट्स में पोजिशन्ड इक्विटी फंड्स में एक्सपोजर को प्रभावशाली तौर से बढ़ाते हैं जिनसे अच्छा परफॉर्म करने की उम्मीद है और उन मार्केट सेगमेंट्स में आबंटन वाले फंड्स में एक्सपोजर कम करते हैं जहां रिटर्न मॉडरेट होने की उम्मीद है।

यह देखते हुए कि लार्ज, मिड और स्मॉल कैप्स आउटपरफॉर्मेंस और अंडरपरफॉर्मेंस के रोटेटिंग पीरियड्स देखते हैं, यह डायनामिक पोजिशनिंग इंपॉर्टेंट हो जाती है। निवेशक इसे एक डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव फंड ऑफ फंड्स को आउटसोर्स कर सकते हैं और मार्केट-कैप से जुड़े निवेश फैसलों के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन का फायदा उठा सकते हैं।

इसके अनुसार, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ में निवेश पर विचार कर सकते हैं, जो एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड्स है जिसका मकसद एक स्ट्रक्चर्ड इन-हाउस फ्रेमवर्क के जरिए सभी मार्केट कैप्स में सक्रियता से प्रबंधित इक्विटी स्कीम्स तक एक्सेस देना है। मार्केट की स्थितियों और उनके फ्रेमवर्क असेसमेंट के आधार पर, फंड मैनेजर अपने आप एलोकेशन तय करते हैं। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 02 मार्च से 16 मार्च, 2026 तक खुला है।

### आपातकालीन सेवा अंतर्गत पैरामेडिकल स्टॉफ का प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** जिले में 102 एवं 108 के तहत पैरामेडिकल स्टॉफ एवं ईएमटी को जिला चिकित्सालय बसंतपुर राजनांदगांव में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित की जा रही है। नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने प्रशिक्षण के तहत लाईफ सपोर्ट, रोड ट्रैफिक एक्सिडेंट, ट्रामा एवं एम्बुलेंस में डिलीवरी सहित अन्य मेडिकल इमरजेंसी के संबंध में जानकारी दी गई।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# 31 मार्च तक संपत्तिकर जमा करने का मौका, उसके बाद लगेगा 18 प्रतिशत अधिभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई और रिसाली निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम महीने मार्च में राजस्व वसूली को तेज करते हुए टैक्स काउंटर खोले गए हैं। निगम प्रशासन ने करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अवकाश के दिनों में भी टैक्स काउंटर खुले रखने का निर्णय लिया है, ताकि नागरिक बिना किसी परेशानी के अपना कर जमा कर सकें।

करदाता चालू वित्तीय वर्ष का टैक्स बिना किसी अधिभार या जुर्माने के 31 मार्च 2026 से पहले जमा कर सकते हैं। समय पर कर जमा करने से नागरिकों को अतिरिक्त अधिभार और जुर्माने से बचने का लाभ मिलेगा। जिन करदाताओं ने अभी तक अपना पुराना संपत्तिकर जमा नहीं किया है, वे भी 31 मार्च से पहले भुगतान कर अधिभार से बच सकते हैं।

## रिसाली और भिलाई निगम अवकाश के दिनों में निगमों ने खोल रखे हैं काउंटर

### जलकर व संपत्तिकर ऑनलाइन की भी सुविधा

रिसाली और भिलाई निगम ने निगम क्षेत्र के भवन एवं भूमि स्वामियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 का संपत्तिकर और जलकर 31 मार्च 2026 से पहले जमा करने के लिए विशेष काउंटर भी खोल दिए हैं। करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम ने ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई है। इसके लिए निगम द्वारा लिंक जारी किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक घर बैठे ही अपने करों का भुगतान कर सकते हैं।



### अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा काउंटर

निगम प्रशासन ने प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को भी काउंटर खुला रखा है। रिसाली निगम टंकी कार्यालय में संपत्तिकर काउंटर सुबह खुले रहेंगे। वहीं भिलाई निगम के अंतर्गत पांचों जोन कार्यालय में विशेष काउंटर खोला गया है। इन काउंटरों पर करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करों का भुगतान कर सकते हैं।

### घरों में पहुंच रहे हैं टैक्स कलेक्टर

रिसाली और भिलाई निगम प्रशासन द्वारा लोगों के घरों में भी टैक्स कलेक्टर भेजा जा रहा है। भिलाई के राजस्व आय में वृद्धि करने और कर संग्रहण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पिछले दिनों एक बैठक ली गई। निगम क्षेत्र के अंतर्गत बकाया संपत्तिकर की राशि को शीघ्र वसूल करने के लिए रणनीति तैयार की गई। राजस्व आय बढ़ाने के लिए अब पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ नई तकनीकों का समावेश किया जाएगा। निगम द्वारा अधिकृत एजेंसी और निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे।

## खबर संक्षेप



### एचएमएम क्यूरेटेड मॉड्यूल्स पूरा करने वाले लर्नर्स सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात भवन में आयोजित सम्मान समारोह में वर्ष 2024–25 के लिए एचएमएम क्यूरेटेड मॉड्यूल्स के टॉप 10 लर्नर्स को सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव, संजय द्विवेदी तथा सौरभ वार्ष्णेय आदि उपस्थित थे।
हैंडहोल्डिंग कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कुल 108 नामांकित अधिकारियों में से 98 अधिकारियों ने एचएमएम मॉड्यूल पूर्ण किया।सेल-बीएसपी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की सभी इकाइयों में सर्वोच्च स्थान पर रही। 316 अधिकारियों को एचएमएम लाइसेंस प्रदान किए गए है।
सम्मानित टॉप 10 लर्नर्स में शामिल हैं। जीम एबी श्रीनिवास, उप महाप्रबंधक अमृता गंगराडे, संजय कुमार शर्मा, दीप्ति राज, महाप्रबंधक सांतनु मित्रा, मोहम्मद अशरफ सिद्दीकी, सुमन मित्रा, डीजीएम मनीष, जीएम एस मुखोपाध्याय तथा उप महाप्रबंधक रविश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## रिटेंशन स्कीम को यथावत रखने की मांग, 22 मार्च को विधायक का पैंदल मार्च

# दो माह बाद भी बेतहाशा किराया वृद्धि, कम नहीं होने की कीमत चुका रहे रिटायर आवासधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुरजोर विरोध के बाद भी बीएसपी द्वारा टाउनशिप के रिटेंशन अवासों का बेतहाशा किराया वृद्धि वापस नहीं लेने से सैकड़ों सेवानिवृत्त आवासधारियों के सड़क पर आने की नौबत आ गई है। कई रिटेंशनधारी भारी किराया बढ़ोत्तरी से हताश होकर अपने किराए के रिटेंशन मकान छोड़ने का मन बना रहे हैं। वहीं यूनियनों व सेवानिवृत्त कर्मचारी संघों ने प्रबंधन पर दबाव बढ़ाते हुए जल्द राहत नहीं मिलने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों व अधिकारियों को दस लाख सुरक्षा निधि राशि जमा करवाकर अवास आवंटित किए गए थे। आवासधारी मकान किराया और बिजली बिल राशि जमा कर परिवार के साथ निवास कर रहे हैं। इस दौरान अचानक दो माह पूर्व बीएसपी 24 रुपए प्रति वर्ग फुट मकान का किराया बढ़ा दिया। इसके चलते चार साढ़े चार हजार रुपए किराया बढ़कर अब अट्ठारह बीस हजार रुपए पहुंच गया है। साथ हि दिसंबर में रिटेंशन स्कीम को भी बंद कर दिया गया है। इससे चौदह सौ रिटेंशनधारियों में असंतोष है। आवासधारियों व जन प्रतिनधियों के स्कीम को यथावत रखने की मांग व आंदोलन के बाद भी अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। यूनियनों के मुताबिक भारीभरकम किराया देने में असमर्थ कई रिटेंशनधारी निराश होकर अब मकान छोड़ने का मन बना रहे हैं। रिटेशनधारी संघों व जन प्रतिनिधियों द्वारा आवासधारियों को उम्मीद बंधाते हुए बिजली बिल लगातार पटाते रहने की समझाईश दी जा रही है। लीज संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र परगनिया ने बताया कि बीएसपी में आवास के लिए रिटेंशनधारी से दस दस लाख रुपए जमा कराए गए हैं,जिसका कोई ब्याज भी नहीं दिया जा रहा है। तीस चालीस साल तक बीएसपी में योगदान देने वाले सेवानिवृत्तों की 32 गुना किराया वृद्धि अवैधानिक व अनुचित है। रिटेंशन स्कीम के पुराने नियम को यथावत रखे जाने की मांग बीएसपी से की गई है। राहत मिलते तक संघर्ष जारी रहेगा।

### कई रिटेंशनधारियो के सड़क पर आने की नौबत



### बाइस मार्च को विधायक देवेंद्र का पैदल मार्च

रिटेंशन स्कीम के पुराने नियम को यथावत रखे जाने की मांग को लेकर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव द्वारा 22 मार्च को बीएसपी के इस्पात भवन तक पैदल मार्च निकाला जाएगा। इसमें रिटेंशनधारियो के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता और यूनियनों के लोग भी शामिल होंगे। गौरतलब हो कि दो जनवरी से पांच जनवरी तक श्री यादव ने भिलाई बचाओ अभियान के तहत निजीकरण के खिलाफ व रिटेशन स्कीम को यथावत रखने की मांग को लेकर सिविक सेंटर चौक पार्किंग मैदान में चार दिनी आमरण अनशन किया था। भिलाई निवास में प्रबंधन के साथ हुई समझौता बैठक में सेक्टर नौ हास्पिटल व मैत्रीबाग व बीएसपी स्कूल का निजीकरण नहीं करने पर सहमति बनी थी लेकिन रिटेंशन स्कीम पर सहमति नहीं बन पाई थी। इस पर विधायक ने टाउनशिप में जनजागरण व सर्वे कर पैदल मार्च निकालने का ऐलान किया था। वहीं इसके पूर्व सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने भी किराया वृद्धि वापस लेने प्रबंधन से चर्चा के बाद इस्पात मंत्री कुमार स्वामी से मिलकर राहत दिलाने की मांग की थी। वहीं महीनेभर पहले बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग कार्याल भवन के सामने सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ के बैनतर तले रिटेंशनधारियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जंगी प्रदर्शन किया था। पखवाड़ेभर पूर्व रिटेंशनधारियों ने टाउनशिप में बाईक रैली भी निकालकर रिटेंशन किराया वृद्धि वापस लेने की मांग नहीं करने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी थी। लेकिन इन पुरजोर विरोध व आंदोलन के बाद भी प्रबंधन की उदासीनता से रिटेंशनधारियों में असंतोष बढ़ रहा है।

### कब्जे व मेंटेनेंस से निश्चिंत

टाउनशिप में बीएसपी द्वारा रिटेंशनधारियों व थर्ड पाटी के लोगों को आवास आवंटित किए जाने से चौतरफा लाभ हो रहा है। यूनियनों के मुताबिक टाउनशिप में रिटेंशन स्कीम के तहत चौदह सौ रिटायर बीएसपी कर्मियों व अधिकारियों मकान आवंटित किए गए हैं। वहीं थर्ड पार्टी के तहत भी सरकारी कर्मचारियों व निजी संस्थाओं के लोगों को हजारों क्वार्टर दिए गए हैं। इनसे बतौर किराया बीएसपी को करोड़ों रुपए की आय हो रही है। रिटेंशनधारियों से तो दस लाख रुपए सुरा निधि भी जमा कराए गए हैं। करोड़ों के राजस्व के लाभ के अलावा आवंटित मकानों के मामले में बीएसपी को सालों से अवैध कब्जे की लाइलाज समस्या की चिंता से भी मुक्ति मिल गई है। हजारों इन मकानों का आवासधारी रखरखाव भी नियमित कर रहे हैं। आवास खाली नहीं होने से इनमें अराजक व आपराधाधिक तत्वों की घुसपैठ व अराजकता की चिंता भी प्रबंधन को नहीं है। रिटेंशनधारियों ने बताया कि कुछ लोग यदि नियमित किराया नहीं जमा कर रहे हैं तो उसकी सजा किराया वृद्धि के रुप में सभी को दिया जाना न्यायोचित नहीं है।

# नौकरी बचाने फेरो स्क्रैप कर्मी करेंगे 30 को हड़ताल यूनियनें हो रही एकजुट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एफएसएनएल बचाओ संघर्ष समिति की बैठक हुई। बैठक में सेल और केंद्र सरकार के खिलाफ 30 मार्च से भिलाई इस्पात संयंत्र में हड़ताल की घोषणा पर जाने की रणनीति बनी। इसके लिए फेरो स्क्रैप निगम में कार्यरत यूनियनों ने एक संयुक्त संघर्ष समिति के गठन करने का निर्णय भी लिया। संयोजक और सदस्यों की एक टीम गठित की। टीम विभिन्न मोर्चो पर अपनी तैयारी को अंजाम तक पहुंचाने हेतु कार्य करेगी। इस संघर्ष के लिए एफएसएनएल संघर्ष समिति के संयोजक गजेंद्र सिंह, राजू लाल श्रेष्ठ और अरुण सिंह सिसोदिया के रूप में सभा ने एक स्वर में ज़म्मिेदारी सौंपी। साथ ही अन्य 20 सदस्यों को समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। सिसोदिया ने बताया कि फेरो स्क्रैप निगम एक सरकारी कंपनी भारत सरकार के अधीन 1979 से थी, जिसे अमेरिकन हेकेट इंडिया लिमिटेड से अधिग्रहण किया गया था। वर्तमान केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2024 में कोनॉइके जापान को बेच दिया। कोनॉइके द्वारा कर्मचारियों के वेतन और सुविधाएं सरकारी जो पूर्व में थी। यूनियन के प्रयास से उसी के अनुसार रखा गया। केंद्र सरकार द्वारा ग्लोबल टेंडर करके कर्मियों और एफएसएनएल को धोखा देते हुए ठेकेदारों से मिलीभगत कर टेंडर की नियम शर्तें बदलकर एक टेंडर को 3 भागो में बांट कर अपने चहेते ठेकेदारों के अनुरूप काम दिया। इसे लेकर जांच की मांग की गई। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और इस्पात मंत्री के साथ सीवीसी और सीबीआई से शिकायत की सहमति बनाई गई।

- कार्यों में अनियमितता का लगाया आरोप, आगामी दिनों में जारी रहेगा बैठकों का दौर

### केंद्र सरकार ने 320 करोड़ में बेच दिया था फेरो स्क्रैप


सिसोदिया ने बताया कि फेरों स्क्रैप निगम को 320 करोड़ में बेच दिया गया था। लगभग 5000 लोगों का रोजगार छीन लिया गया। ग्लोबल टेंडरर में एसएमएस 3 का काम लखोटिया कंपनी ने 225 करोड़ में लिया। जबकि इसकी टेंडर वैल्यू 390 करोड़ थी। यानी लगभग 60 प्रतिशत कम में कार्य दिया गया। दूसरे टेंडर में 169 करोड़ का काम 86 करोड़ में एफएसएनएल ने लिया यानी कोनोइके ने। तीसरा काम 160 करोड़ का काम 78 करोड़ में एक अन्य कंपनी ने लिया। ऐसी परिस्थिति में कुल 750 करोड़ का काम 385 करोड़ में दिया गया। यूनियनों और कर्मचारियों के इस मुद्दों पर आवाज बुलंद की। अब हड़ताल पर जाने की तैयारी की गई है। दुर्गापुर, बर्नपुर, भिलाई, बोकारो, विशाखापट्नम, राउरकेला में सभी यूनियन और इकाइयों में होगा जोरदार विरोध किया जा रहा है। भिलाई की सभी यूनियन सीटू, इंटक, एचएमएस, एक्टू, एटक और बक्स का समर्थन लिया जा रहा है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र ने हॉट मेटल से लेकर सेलेबल स्टील तक रचा नया कीर्तिमान, दिखा टीम वर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने व वित्त वर्ष की अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 अवधि के दौरान उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादनउपलब्धियाँ दर्ज की हैं। हॉट मेटल, क्रूड स्टील, सेलेबल स्टील, सिंटर उत्पादन और रेल उत्पादन व रेल लोडिंग सहित प्रमुख क्षेत्रों में अपने पिछले रिकॉर्डों को पार करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 अवधि में संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 26,00,252 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर वित्त वर्ष 2024-25 के इसी अवधि में दर्ज 25,43,397 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार किया। वहीं कुल हॉट मेटल उत्पादन 54,81,796 टन दर्ज किया गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 के समान अवधि में दर्ज 54,40,432 टन से अधिक है।प्लेट मिल ने एचटी प्लेट्स के उत्पादन में वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज रिकॉर्ड 2,29,375 टन को पार करते हुए 2,56,555 टन उत्पादन किया। 2,19,78,114 टन मटेरियल हैंडलिंग कर, वित्त वर्ष 2024-25 में दर्ज रिकॉर्ड 97,54,947 टन को पार किया। कुल सिंटर उत्पादन 80,46,038 टन उत्पादन किया। बार रॉड मिल ने भी 9,61,363 टन रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया।

- वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी अवधि में उपलब्धि



### 11,65,210 टन को पार किया

संयंत्र ने कुल प्राइम रेल उत्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2019-20 के रिकॉर्ड को पार किया, अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 अवधि के दौरान कुल प्राइम रेल उत्पादन 11,98,122 टन दर्ज कर पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड 11,65,210 टन को पार किया। रेल एंड स्ट्रक्चरल ने लॉंग रेल उत्पादन में वृद्धि दर्ज करते हुए 1,65,364 टन उत्पादन किया, जो वित्त वर्ष 2023-24 के इसी अवधि में दर्ज 1,52,806 टन से अधिक है।

### लांग रेल का रिकार्ड उत्पादन

यूआरएम ने भी अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 अवधि में 8,67,981 टन फिनिश्ड रेल, 8,33,419 टन प्राइम रेल तथा 8,02,228 टन लॉंग रेल उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज करते हुए क्रमशः वित्त वर्ष 2024-25 के इसी अवधि में दर्ज 8,14,809 टन फिनिश्ड रेल, 7,73,866 टन प्राइम रेल तथा वर्ष 2023-24 में दर्ज 7,40,530 टन लॉंग रेल उत्पादन रिकॉर्ड को पार किया। कुल लॉंग रेल उत्पादन 9,67,592 टन दर्ज किया गया। सभी फिनिशिंग मिलों ने मिलकर वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से फ़रवरी अवधि के दौरान कुल 43,81,903 टन फिनिश्ड स्टील उत्पादन किया जो वर्ष 2024-25 में दर्ज 42,84,351 टन से अधिक है।

## एसीडब्ल्यूई में विभागीय सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन



**भिलाई।** बीएसपी के एसीडब्ल्यू.ई. विभाग में विभागीय सुरक्षा एवं प्रोत्साहन सप्ताह हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक श्री सिंह थे। विशिष्ट अतिथि जीएम प्रभारी एसकअग्रवाल, महाप्रबंधक एसके बेहेरा उपस्थित थे। बेहेरा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने संयंत्र एवं सेल स्तर पर संचालित सुरक्षा नीतियों केअनुपालन का आह्वान किया। विभागीय हाउसकीपिंग कमेटी द्वारा विभिन्न जोनों में कार्यस्थलों का निरीक्षण कर उत्कृष्ट हाउसकीपिंग बनाए रखने वाले जोनों को पुरस्कार के लिए चिन्हित किया और दिनेश द्वारा आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। फायर ब्रिगेड टीम द्वारा आई एंड एस जोन में अग्निशमन यंत्रों के उपयोग एवं फायर फाइटिंग डिमॉन्स्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुरक्षित वाहन चलाने की तकनीकों तथा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर विभागीय प्रशिक्षक मनीष मेथ्यु तथा रेल मिल से नीरजा ध्रुव द्वारा जागरुक किया गया। समापन दिवस पर सुरक्षा विषयक स्लोगन लेखन, पोस्टर एवं लिखित क्विज तथा तात्कालिक सुरक्षा क्विज हुआ।

## संयुक्त यूनियन की साम्राज्यवाद विरोधी दिवस सभा कल



**भिलाई।** देश के विभिन्न केंद्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर दस मार्च को संयुक्त यूनियन द्वारा विश्व शांति के समर्थन में साम्राज्यवाद विरोधी दिवस मनाया जाएगा। 10 मार्च की शाम 6.30 से 7.30 बजे तक सेल परिवार चौक, सेक्टर-6, में सभा आयोजन कर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर युद्ध विरोधी संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इंटक कार्यालय सेक्टर 4 में हुई संयुक्त यूनियन की बैठक में तैयारी पर चर्चा हुई औरश्रमिकों, कर्मचारियों वनागरिकों से सभा में शामिल होकर युद्धा विराम का संदेश पहुंचाने की अपील की गई। साथ ही भारत सरकार से यह भी मांग की गई कि जीसीसी देशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## निगम आयुक्त के औचक निरीक्षण में हुआ खुलासा

# वृन्दा नगर की नालियों में कब्जा, नोटिस जारी करेगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-2 वैशाली नगर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 वृन्दा नगर क्षेत्र का सघन निरीक्षण वार्ड पार्षद संजय सिंह के उपस्थिति में किया। इस दौरान उन्होंने वृन्दा नगर, शासकीय प्राथमिक शाला बैक लाइन, छपरा मुहल्ला, गंदा तालाब क्षेत्र, अर्जुन नगर और चैता मैदान क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पााया कि नालियों और सड़कों पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है, उन्हें तत्काल चिन्हित कर नोटिस जारी करने और कब्जा हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सड़क पर निर्माण सामग्री या अन्य सामान रखकर आवागमन बाधित करने वालों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन पर सड़क बाधा शुल्क (जुर्माना) लगाने के निर्देश दिए। क्षेत्र में कई स्थानों पर घरों के सामने गड्ढा खोदकर जल भराव की स्थिति और व्यर्थ बहते पानी को देखते हुए आयुक्त ने निर्देशित किया कि पाइप लाइन के नलों में अनिवार्य रूप से टोटी (टैब) लगवाई जाए ताकि जल की बर्बादी रोकी जा सके। निरीक्षण स्थलों पर कचरा संग्रहण के उपरांत सफाई सुनिश्चित कर चूना, ब्लीचिंग पाउडर और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने के आदेश दिए गए ताकि मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, जोन स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह एवं जोनल सुपरवाइजर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



### डेंगू व मलेरिया को लेकर 23 हजार से अधिक घरों का हुआ सर्वे

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत मच्छर जनित रोगों जैसे डेंगू और मलेरिया से बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु जन जागरूकता अभियान जारी है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के कड़े निर्देशों के परिपालन में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में निगम के विशेष दस्ते और जिला मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रोस्टर अनुसार घर-घर जाकर गहन सर्वेलेंस और सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह के नेतृत्व में निगम की टीम ने 1 अप्रैल 2025 से 6 मार्च 2026 तक की अवधि में व्यापक कार्रवाई की है। 23,935 घरों का निरीक्षण किया गया।

**कूलर, टंकी, कंनेटर करवाए खाली :** निगम के इस अभियान में कुल 10,874 मच्छर प्रजनन स्रोतों को दुरूस्त किया गया। जिसमें कूलर 3945, टंकी 2973, ड्रम/कंटेनर 3924 एवं अन्य-32 की जांच कर पुराने जमा पानी को खाली कराया गया। 20,073 घरों के 26,478 कूलरों में वयस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु एवं 9472 कूलरों में लार्वा नष्ट करने हेतु 'एक्यूगार्ड' का छिड़काव किया गया। सर्वे के दौरान नागरिकों को मच्छरों से बचाव और स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। कूलर के पानी को सप्ताह में कम से कम एक बार अनिवार्य रूप से खाली कर और सुखाकर ही नया पानी भरें।

**लार्वा नष्ट करने में दें सहयोग :** निगम आयुक्त पांडेय ने कहा है कि मच्छरों को वयस्क अवस्था में पहुंचने से पहले लार्वा स्तर पर ही नष्ट करने में सहयोग दें। घर के आसपास नालियों में पानी जमा होने पर उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल डालें।पक्षियों और मवेशियों के पीने के पानी के बर्तन (नांद) को भी सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनसहयोग से ही शहर को डेंगू और मलेरिया मुक्त बनाया जा सकता है। निगम की टीमें आने वाले दिनों में और भी मुस्तैदी के साथ चिन्हित क्षेत्रों में अभियान चलाएंगी।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129




02

महिलाओं ने निकाली रैली

## लाइव इवेंट

### भिलाई के प्रतिभाशाली समीर को मिला इंडियन टेली स्ट्रीमिंग अवार्ड



**भिलाई।** भिलाई के प्रतिभाशाली युवा रचनाकार समीर मिश्रा को इस साल का सर्वश्रेष्ठ स्क्रीन प्ले राइटिंग एवं संवाद लेखन का सम्मान इंडियन टेली स्ट्रीमिंग अवार्ड प्रदान किया गया है। यह अवार्ड उन्हें मुंबई में चर्चित वेब सीरीज क्रिमिनल एंड जस्टिस के लिए मिला है। उनके पिता भिलाई इस्पात संयंत्र के रिटायर उप महाप्रबंधक हैं। भिलाई में पले बढ़े समीर कहानी पटकथा और संवाद तीनों ही क्षेत्र में अलग पहचान बना रहे हैं। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए वेब सीरीज़ लिखने वाले प्रतिभावान रचनाकार हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर–10, भिलाई से हुई। इसके बाद उन्होंने तकनीकी संस्थान आईआईटी मुंबई से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। तकनीकी शिक्षा के बाद भी उनका रुझान कला और रंगमंच की ओर था। इसी कारण वे आईआईटी बॉम्बे में अपने छात्र जीवन के दौरान थिएटर और नाट्य गतिविधियों में सक्रिय रूप से जुड़े रहे।स्नातक के बाद उन्होंने एक वर्ष तक कॉरपोरेट क्षेत्र में कार्य किया। आखिरकार अपने जुनून के चलते कला के क्षेत्र को पूरी तरह अपनाया। इसके बाद उन्होंने टेलीविजन और डिजिटल माध्यमों में निर्देशन, कहानी, पटकथा तथा संवाद लेखन के क्षेत्र में निरंतर रचनात्मक सक्रियता का परिचय दिया। समीर की प्रमुख कृतियों में फिजिक्स वाला, एक दूजे के वास्ते तथा क्रिमिनल जस्टिस शामिल हैं। इसमें पंकज त्रिपाठी ने कमाल का अभिनय किया है। एक उच्च तकनीकी संस्थान से शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी कला के क्षेत्र में उनके प्रेरक सफर ने उन्हें टीईडी एक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने अनुभव और विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किए जाने का अवसर भी मिला। समीर के पिता टीसी मिश्रा भिलाई इस्पात संयंत्र के रिटायर उप महा प्रबंधक और मां पवित्रा गृहिणी हैं। बड़ी बहन भावना एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत हैं।

## लाइव इवेंट

### नारी शक्ति सम्मान समारोह 12 को, पद्मश्री फूलबासन सहित 5 विभूतियां होंगी सम्मानित





**भिलाई।** समभाव सामाजिक सेवा समिति के तत्वावधान में 12 मार्च को नारी शक्ति सम्मान समारोह भिलाई निवास इंडियन कॉफी हाउस के सभागार में शाम 5 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अंचल की 5 ख्यातिप्राप्त विशिष्ट महिलाओं में पद्मश्री फूलबासन बाई यादव, संस्थापक मां बम्लेश्वरी जनहित कार्य समिति राजनांदगांव, बोन्या मुखर्जी जीएम प्रोजेक्ट बीएसपी, सेक्टर 2 प्रगति महिला बैंक अध्यक्ष अश्विनी नागले, चैम्बर ऑफ कामर्स भिलाई महिला विंग अध्यक्ष सुमन कन्नौजे, जूनियर मैनेजर मेन हॉस्पिटल भिलाई सुनीता पांडे का सम्मान किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष पीके सिंह और सरंक्षक बिमान भट्टाचार्य ने कार्यक्रम जानकारी देते हुए बताया कि समभाव समाजिक सेवा समिति समाज कल्याण के लिए हमेशा अग्रणी रही है। इन महिलाओं को प्रोत्साहित करने महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। ये सभी विभूतियां नारी उत्थान और समाज सेवा के लिए सदैव प्रयासरत हैं। अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त फूलबासन बाई यादव अपनी संस्था के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं और उनके इस समर्पण और सेवाभाव ने कई उपलब्धियां प्राप्त की हैं और नूतन आयाम स्थापित किए हैं।

### महिला संरक्षण अधिनियम की दी जानकारी



**भिलाई।** शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह दुर्ग में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग ने अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण प्रदान करने तथा उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार देना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी दुर्ग ने अपने संदेश में कहा कि महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की कुछ पंक्तियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के अधिकार और कर्तव्यों को समझाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय सहभागिता से समाज और न्याय व्यवस्था अधिक संवेदनशील एवं सशक्त बनती है।

## ● विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं के सम्मान पाकर खिल उठे चेहरे

# हर क्षेत्र में बढ़ा महिलाओं का योगदान, मातृ शक्ति को सम्मानित कर किया नमन, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ट्विनसिटी में हुए विविध आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को ट्विनसिटी में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजनों में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, खेल, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रेरक वक्तव्य और सम्मान समारोह भी आयोजित किए गए। आयोजकों ने कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और समान अवसरों के प्रति समाज को जागरूक करने का भी अवसर है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही राज्य सरकार - गजेन्द्र यादव



**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को महिला और बाल विकास विभाग द्वारा सतनाम भवन कसारीडीह में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री गजेन्द्र यादव थे। अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास समिति की प्रभारी शशि साहू तथा कलेक्टर अभिजीत सिंह उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रदेश की सभी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय



संस्कृति में प्राचीन काल से ही महिलाओं को विशेष सम्मान दिया जाता रहा है। हमारी सनातन परंपरा में भी भगवानों के साथ माता का नाम पहले लिया जाता है, जो समाज में नारी के महत्व को दर्शाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में महतारी वंदन योजना के तहत जिले की लगभग 52 हजार महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि आज सरकार द्वारा महिलाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भारतीय समाज, संस्कृति और परंपरा में महिलाओं को सदैव सम्मान दिया गया है, जो दुनिया के कई अन्य देशों में देखने को नहीं मिलता। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि भारत उन देशों में शामिल है जहां महिलाओं को लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ मतदान का अधिकार भी मिला है।

### जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का होता है वास



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उतई के मंगल भवन में महिला और बाल विकास विभाग, जिला दुर्ग द्वारा महिला सम्मान समारोह और महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके योगदान को समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल और रंगोली का भी निरीक्षण किया गया, जिनकी उन्होंने सराहना की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चंद्राकर ने कहा कि हर पुरुष की सफलता और स्वस्थ समाज के निर्माण के पीछे कहीं न कहीं नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि एक महिला शिक्षित होती है तो दो परिवार और पूरा समाज शिक्षित होता है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, पार्षद संगीत रजक, लता सोनवानी, विजय लक्ष्मी साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष झमीत गायकवाड़, परियोजना अधिकारी उषा झा, तहसीलदार झुमा यदु, कृषि वैज्ञानिक डॉ. निशा शर्मा और डॉ. ज्योति ध्रुव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ओए ने किया स्टील वुमन रन, दमखम से दिया शक्ति का संदेश



**भिलाई।** बीएसपी के आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा प्रगति भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत स्टील वूमेन रन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. विनीता द्विवेदी ने बलून उड़ाकर कार्यक्रम शुरू किया।

बीएसपी की महिला अधिकारियों का स्वागत सेफी चेयरमेन एवं ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आप सभी हमारे अनुरोध पर इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाया है। मैं पूरे ओए बिरादरी की ओर से आपका अभिनंदन करता हूँ। श्री बंछोर ने कहा कि नारी सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने के लिए ऐसे मंच की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ओए की कार्यकारिणी समिति में भी 10 महिला अधिकारियों को प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया है। डॉ. द्विवेदी ने महिला अधिकारियों से आह्वान किया कि वे टीम भावना के साथ आगे बढ़ें और बिना किसी संकोच के अपनी बातों को उचित मंचों पर रखें।

ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव अंकुर मिश्रा ने स्टील वुमन रन की जानकारी दी। महिला अधिकारियों ने जुंबा सेशन का लाभ उठाया। दौड़ से महिला शक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर महिला प्रतिनिधि सुष्मिता पाटला, विनिता वर्मा, डॉ. तनुजा आनंद, डॉ. नीला, नीरजा शर्मा, के संगीता, पारूल दिवान, हिमानी, भूमिका वर्मा आदि उपस्थित थीं अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### लाइनेस क्लब ने किया ब्लड डोनेट



महिला दिवस के अवसर पर लाइनेस क्लब भिलाई तेजस्विनी ग्रुप द्वारा रविवार को गुरुद्वारा में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में तीन सदस्याओं ने रक्तदान किया। लाइनेस क्लब के तीन मेंबर्स किरण सिंह, नम्रता और वैशाली चड्ढा ने ब्लड डोनेट किया। इस सेवा कार्य में अर्चना साहू और नीतू खत्री का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर उपस्थित लाइनेस क्लब की अध्यक्ष गीता प्रसाद, सचिव नम्रता सिंह और कोषाध्यक्ष विशेष रुप से उपस्थित रही। इस दौरान अध्यक्ष गीता प्रसाद ने कहा है कि क्लब हमेशा से सेवाकार्यो में आगे रहा है।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने किया मातृ शक्ति का सम्मान



**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर के एच मेमोरियल स्कूल की प्राचार्या विभा झा और के पी एस पब्लिक स्कूल नेहरू नगर की प्राचार्या सविता त्रिपाठी का उनके निवास स्थान पर जाकर समाज के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य इन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इन महिलाओं द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बड़े विद्यालय का सफलतापूर्वक कुशल संचालन कर रही है, साथ ही वे समाज को निरंतर मार्ग दर्शन भी प्रदान कर रही है, महिलाएं समाज की रीढ़ होती है। सम्मान पाकर विभा झा और सविता त्रिपाठी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कनक लता दुबे ने कहा कि समाज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम समाज को एक नई दिशा देगा।

### जिला न्यायालय दुर्ग में महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा



**भिलाई।** महिलाओं के सशक्तिकरण उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय दुर्ग में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला न्यायालय दुर्ग के वरिष्ठ महिला कर्मचारियों को उनके दीर्घकालीन सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्होंने विशेष रूप से घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए अधिनियम में महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण प्रदान करने की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग की महिला प्रतिनिधि ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकारों और समान अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

कार्यक्रम में पुरुष अधिकारियों द्वारा महिलाओं और अन्य कर्मचारियों द्वारा गुलाब का फूल एवं चॉकलेट भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का संदेश एवं इस वर्ष की थीम गीव टू गेन को प्रदर्शित करती हुई आकर्षक रंगोली एवं हैण्डक्राफ्ट डिजाइन भी बनाई गई। सात ही प्रतिभागियों के लिए एक सेल्फी जोन भी तैयार किया गया था, जहां सभी ने खूब सेल्फी ली।

## कार्नर न्यूज

### नए रास्तों को तलाशने का साहस करें : डॉ. आभा

# अंतरिक्ष कार्यक्रम में बढ़ रही महिलाओं की भूमिका

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा मानव संसाधन-ज्ञानार्जन विकास विभाग के सहयोग से विशेष कार्यक्रम शक्ति 2026 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डायरेक्टर इंचार्ज चित्त रंजन महापात्र मुख्य अतिथि थे। कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार,कमल भास्कर, केसी मिश्रा, सीजीएम एमके गोयल, सीएमओ डां. विनीता द्विवेदी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इसरो की वैज्ञानिक डां. आभा छाबड़ा विशिष्ट वक्ता थीं। डॉ. विनीका ने कहा कि महिलाओं की उपलब्धियों को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना आज के समय की आवश्यकता है। उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया व सुष्मिता पाटला ने शक्ति क्विज़ एकरिंग और स्मिता जैन ने सेव स्टेडिली पर जानकारी दी। डां. छाबड़ा ने कहा कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में



भी महिलाओं की भूमिका निरंतर बढ़ रही है और वे उपग्रह मिशनों, प्रक्षेपण यानों तथा विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। महिलाएं नए रास्तों का तलाशने का साहस करें। उन्होंने कहा क स्टील से लेकर आर्कटिक अभियानों तक अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी के स्वागत उद्बोधन दिया। बाद अतिथियों ने महिला दिसव स्मारक पुस्तक का विमोचन व प्रकाशन में योगदान देने वालीं बीसपी की महिला लेखिकाओं को सम्मानित किया गया।

#### भागीदारी को अधिक सशक्त बनाएं

श्री महापात्रा ने कहा कि कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र में महिलाएं महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं । उनकी भागीदारी को शिक्षा, समानता आधारित नीतियों तथा सुरक्षित और सहयोगात्मक कार्यस्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। लैंगिक समानता एक सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है। क्विज में प्रथम पुरस्कार निश,शादमा खान की टीम, द्वितीय पुरस्कार नीरजा शर्मा व शबनम श्वेता की टीम तथा तृतीय रहींए सुजाता,शिखा ताम्रकार की टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीजीएम अपर्णा चंद्रा ने किया ।



समाज इवेंट

## गुलाल का तिलक लगाकर ओढ़ाया चुनरी का पटका



■ चेंबर से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की।

■ नए सदस्यों को जोड़ने पर किया मंथन

**दुर्ग।** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वरिष्ठ उद्योगपति संजय रूंगटा से उनके निवास पर भेंट कर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गुलाल का तिलक लगाकर, चुनरी का पटका एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी गई। इस दौरान चेंबर से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। संजय रूंगटा ने नए सदस्यों को जोड़ने के विषय में जानकारी लेते हुए कहा कि चेंबर का उद्देश्य छोटे से छोटे व्यापारी तक पहुंचना होना चाहिए। उन्होंने सभी समाजों एवं सभी प्रकार के व्यापार एवं व्यवसाय से जुड़े लोगों को चेंबर से जोड़ने पर जोर दिया। चेंबर के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने भी इस विचार से सहमति व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़ने के लिए संपर्क अभियान चलाने की बातें कही। साथ ही महिला उद्यमियों, युवा व्यवसायियों एवं नए व्यापारियों को भी चेंबर से जोड़ने का प्रयास करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अनूप गटागट, अशोक राठी, किशोर जैन, संजय खंडेलवाल, कुलदीप सिंह, सुदीप अग्रवाल, विनीत जैन, आनंद अग्रवाल, अरुण दुगड़, हेमंत गोयल एवं आनंद जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

समाज लाइव

## बुजुर्ग और मानसिक रूप से कमजोर महिलाओं के बीच मनाया सेवा का पर्व



■ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिशा संस्था का आयोजन

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था दिशा ने बुजुर्ग, निराश्रित, साधन विहीन एवं मानसिक रूप से कमजोर महिलाओं के बीच पहुंचकर सेवा और संवेदना का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। भिलाई-दुर्ग क्षेत्र के विभिन्न वृद्धाश्रमों और आश्रय स्थलों में जाकर संस्था के सदस्यों ने महिलाओं के साथ आत्मीयता से महिला दिवस मनाया तथा उन्हें सम्मानपूर्वक बधाई दी। इस अवसर पर पुलगांव दुर्ग, सेक्टर-8 और सेक्टर-2 भिलाई स्थित वृद्धाश्रमों तथा सेक्टर-3 स्थित फील परमार्थ फाउंडेशन में स्वच्छता सामग्री,फल और एनर्जी ड्रिंक का वितरण किया गया। टीम दिशा की महिला सदस्य सुधा और लक्ष्मी ने विशेष रूप से बुजुर्ग महिलाओं से मिलकर उनका हालचाल पूछा और उनके स्वास्थ्य तथा आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान फिनाइल, डिटर्जेंट पाउडर, लिक्विड सोप, फल एवं एनर्जी ड्रिंक जैसी आवश्यक सामग्री वितरित कर उनके प्रति सम्मान और अपनत्व का भाव प्रकट किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों ने यह संदेश दिया कि समाज में रहने वाली प्रत्येक महिला सम्मान, स्नेह और सहयोग की अधिकारी है। महिला दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज के कमजोर और उपेक्षित वर्गों तक संवेदना पहुंचाने का अवसर भी है। इस सेवा अभियान में सुजीत चक्रवर्ती, रामानुजन राजू, भास्कर देवनाथ, राजेश धारकर, शांतनु दासगुप्ता, अजय दूबे, कल्याण राय, उत्तम डे, जीएस संधू, सुधा और लक्ष्मी की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने सेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। फील परमार्थ के अमित राज ने दिशा संस्था के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बुजुर्गों और विशेषकर मानसिक रूप से कमजोर महिलाओं के जीवन में आत्मीयता और सम्मान का भाव जगाते हैं।

## मातृ शक्ति के बिना जीवन संभव नहीं



**भिलाई।** भगवा पार्टी द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और दुर्ग संभाग प्रभारी हीरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पत्रकार, शिक्षा, धर्म, व्यापार, समाज सेवा में अपनी सेवाएं दे रही मातृ शक्ति का सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि विष्णु पाठक ने कहा कि मातृ शक्ति के बिना जीवन असम्भव है। प्रत्येक स्थान पर नारी की महत्ता निहित है। सीताराम, लक्ष्मीनारायण, राधाकृष्ण सभी कोई नाम भी हो,उनकी शुरुआत नारी शक्ति से ही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा ने कहा कि मातृ शक्ति भगवा पार्टी की आधार है। सनातन धर्म परंपराओ को अनवरत बनाए रखने संवर्धन करने का कार्य माताएं और बहनें अपने-अपने कार्यक्षेत्र में भी व्यस्त रहते हुए कर रही है। वह हम सबके लिए गौरव की बात है। समाज व देश को सनातन धर्म अनुसार मार्गदर्शन देने में मातृ शक्ति का अतुलनीय योगदान है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां दुर्गा उपासक पं. धीरज शुक्ला के मुखारविन्द से मां दुर्गा की विशाल छायाचित्र की पूजा के साथ हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रमेश शर्मा, सीताराम ठाकुर, अतुल नंद शुक्ला, मीना बिष्ट, हीरेन्द्र साहू आदि द्वारा मां दुर्गा की पूजा व आरती की गई।

● बसंत पंचमी से चले आ रहे 45 दिवसीय फाग उत्सव का हुआ समापन, फाग गीत पर झूमे भक्त

# देवी-देवताओं को समर्पित रंग पंचमी पर ब्रजमंडल में उड़े रंग-गुलाल, राधा-कृष्ण संग खेली फूलों की होली

भिलाई। ट्विनसिटी के सभी राधा-कृष्ण मंदिरों में रविवार को रंग पंचमी मनाकर 45 दिनों से चले आ रहे होली के त्योहार का समापन हर्षोल्लास के साथ रंग-गुलाल हवा में उड़ाकर कर किया। रंगपंचमी के अवसर पर ब्रजमंडल भिलाई के श्री राधाकृष्ण मंदिर सेक्टर 6 में ब्रजमंडल भिलाई की महिला समिति द्वारा आयोजित रंग पंचमी पर फूलों की होली का आयोजन किया। इस अवसर पर भगवान राधाकृष्ण विग्रह का विशेष श्रृंगार किया गया और सुगंधित दूध दही से युक्त मिष्ठान का भोग लगाया गया। महिला समिति की उपाध्यक्ष भावना तोमर ने बताया कि बसंत पंचमी से आरंभ हुआ होली महापर्व का समापन आज रंगपंचमी पर हो रहा है। भगवान कृष्ण की जन्मभूमि और लीला भूमि ब्रज क्षेत्र में समस्त मंदिरों में भगवान श्री राधाकृष्ण जी से विशेष होली खेली जाती है जो सुगंधित फूलों की होली, लड्डू मार होली, लट्ठ मार होली, अबीर गुलाल की होली से लेकर आज रंगपंचमी पर फूलों की होली से 45 दिनों का होली महापर्व का समापन हुआ है।









**भजन मंडली के फाग गीत पर झूमें भक्त**

रंग-पंचमी के कार्यक्रम के दौरान पं सुनील कुमार द्विवेदी की भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों एवं ब्रज के लोकगीतों पर उपस्थित श्रद्धालु एवं महिलाओं ने उल्लासपूर्वक नाचते, झूमते फाग गीत गाते हुए भगवान राधा कृष्ण के विग्रहों पर फूलों की वर्षा कर होली खेली एवं सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। रंगपंचमी के कार्यक्रम में अनिता यदुवंशी, भावना तोमर,चित्रा राघव, मोनिका मंगला,मधु वार्ष्णेय, साधना गोयल, कमलेश राघव, सुनीता वर्मा, दीपशिखा राघव, ऊषा शर्मा, सुनीता शर्मा, गीता दीक्षित, मनीषा गुप्ता,शशि प्रभा वर्मा,के.वी. इंदिरा,निशा शर्मा, ज्योति गुहे, शैलजा वार्ष्णेय, कुमकुम गुप्ता, अनुराधा मंगल, मीना राणा,श्वेता चौहान,सुधा शर्मा,सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### रंग पंचमी पर देवताओं की होली- पं सुनील

रंगपंचमी पर्व पर पं सुनील महाराज ने बताया कि फाल्गुन कृष्णपक्ष की पंचमी तिथि के दिन रंगपंचमी का त्योहार बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। रंगपंचमी को श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। होली के बाद पंचमी तिथि तक होली का त्यौहार चलता है। भारत देश के कई इलाकों में रंगपंचमी बहुत हर्ष-उल्लास के साथ मनायी जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीराधा और गोपियों के साथ होली खेली थी। इस दिन राधा-कृष्ण की पूजा की जाती। जिस प्रकार कार्तिक पूर्णिमा देवताओं की दिवाली मानी गई है, उसी प्रकार रंग पंचमी को देवताओं की होली माना गया है। यह त्योहार देवताओं को समर्पित है क्योंकि हिरण्याकश्यप का वध होने के बाद सभी देवी और देवताओं ने रंगपंचमी के दिन रंगोत्सव मनाया था। यह सात्विक पूजा आराधना का दिन होता है। मान्यता है कि कुंडली के बड़े से बड़े दोष इस दिन की पूजा आराधना से ठीक हो जाते हैं। इस दिन दैवीय शक्तियां नकारात्मक शक्तियों से अधिक प्रभावी होती है। वातावरण में सकारात्मकता रहती है। ऐसा माना जाता है रंगपचमी के दिन रंग-अबीर को शरीर पर न लगाकर बल्कि हवा में उड़ा कर मनाया जाता है। ऐसा करने से वातावरण शुद्ध होता है, नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मकता का संचार होता है।

महिलाओं ने निकाली रैली

## महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर निकाली रैली, लगाए नारे



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ महिला मुक्ति मोर्चा की ओर से महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मौर्या टाकीज से रैली निकालकर घड़ी चौक में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। सभा में वक्ताओं ने चिंता जताते हुए कहा कि देश में महिलाओं के खिलाफ शोषण, यौन हिंसा, बलात्कार, हत्या और सामाजिक बहिष्कार जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कई स्थानों पर स्कूल और कॉलेज तक में बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही हैं और छेड़छाड़ व उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही हैं। सभा में यह भी कहा गया कि देश के कई हिस्सों में हालात और गंभीर हैं। मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई अमानवीय घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया है। वहीं बस्तर और हसदेव के जंगलों की कटाई से आदिवासी और ग्रामीण महिलाओं के जीवन पर भी गहरा असर पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ महिला मुक्ति मोर्चा की ओर से महामहिम राष्ट्रपति से अपील की गई कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए जाएं। संगठन ने अपनी मांगों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कठोर कानूनों का सख्ती से पालन, स्कूल और कॉलेजों में बेटियों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था, महिला स्वास्थ्य कर्मियों के लिए स्थायी आवास, घरेलू और सामाजिक हिंसा पर प्रभावी रोक, महिला मजदूरों को समान काम के लिए समान वेतन और महिलाओं को अपनी इच्छा से जीवन साथी चुनने का संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित करने जैसी मांगें शामिल कीं। इसके अलावा महिला सफाई कर्मियों को नियमित करने, डीएड सहायक शिक्षक पदों पर चयनित शिक्षकों को जल्द नियुक्ति देने और जेलों में बंद सामाजिक कार्यकर्ता महिलाओं की स्थिति की समीक्षा करने की भी मांग रखी गई। कार्यक्रम के दौरान दल्लीराजहरा की महिला शहीद अनुसुईया बाई सहित देशभर की महिला शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई। सभा में सिंदुरिया, अरुणा, मैरी, अनुसुईया, रत्तमा, रजीया, बेबी खातुन, सुमित्रा, तुलसी, ईश्वरी, अगरौतीन, नारायण राव, कल्याण पटेल, रमाकांत बंजारे, सुरेंद्र मोहंती, सुधा सागर, कलादास डेहरिया और पुष्पा सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

सम्मान

## कल्याणी संस्था ने किया मातृ शक्तियो का सम्मान



**दुर्ग।** स्वयंसेवी संस्था कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन दुर्ग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम और विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम अलका दुबे उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली और सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया। समृद्धि जोशी को सिविल जज परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाने के लिए, मनीषा यादव को गौ-शाला संचालन और जीव-दया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, सुशीला अग्रवाल और सोनाली देशमुख को वृद्धजनों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों तथा पुष्पा मिश्रा, टॉमिन साहू, केएल कुमारी, शमीम बानो, निर्मला प्रजापति और आरती चंद्राकर को स्वास्थ्य सेवाओं में उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों और शोध गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज की वास्तविक प्रगति है। विशिष्ट अतिथि अलका दुबे ने संस्था के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर भविष्य में भी हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। संस्था के निदेशक अजय कल्याणी ने आभार व्यक्त किया।

केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिया सम्मान और संवेदना का संदेश

# अपने घर में ही महिला दिवस मनाने करें पहल, दैनिक कार्यों में पुरुष भी बटाएं हाथ

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** पीएम केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप्राचार्य पुष्पा बड़ा, वरिष्ठ शिक्षिकाएं नीता दास, नीना खत्री, सतविंदर कौर और उषा शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. अजय आर्य ने अपनी दो कविताओं के माध्यम से हा कि हम अक्सर चौक-चौराहों, नुक्कड़ सभाओं और बड़े-बड़े मंचों पर महिला दिवस मनाते हैं, किंतु कभी-कभी हमें अपने घर में भी महिला दिवस मनाने की पहल करनी चाहिए। यदि हम महिलाओं के श्रम और उनके दैनिक कार्यों को समझते हुए उनके दिनचर्या को थोड़ा सहज और सरल बनाने का प्रयास करें, तो यही सच्चे अर्थों में महिला दिवस का सम्मान होगा।







### महिला शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

कमल सोनी, नीता दास, रामाशीष चौहान, उर्वशी, शिल्पा ओझा और प्रणव नारायण सोनी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उप्राचार्य पुष्पा बड़ा ने विद्यालय के पुरुष स्टाफ द्वारा महिलाओं को सम्मानित किये जाने की सराहना करते हुए कहा कि यदि हम अपने घरों में छोटे-छोटे सकारात्मक परिवर्तन करें, तो निश्चित ही समाज को सही दिशा मिल सकती है। कार्यक्रम के अंत में सभी महिला शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम साहू ने किया। इस अवसर पर गीता माली, बंदिनी साहू, रचना पाल, संजू कुमारी, डॉ. श्रावणी सिंह, तरुणा संकरी, नीति यादव, रेशु काकरान, समीक्षा, मोनिका, मेघा यादव, जागृति सिंह, ज्योति, शहनाज, मोनिका श्रीवास्तव, कल्पना कौशले, शिल्पा ओझा, चंद्रकला, श्वेता गनवीर, संतोषी साहू, भारती साहू, प्रिया सहित अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया। आयोजन में रामाशीष चौहान, संजय कुमार चतुर्वेदी, एम. ए. नंदनवार, तोशन लाल साहू, फेबुलस एक्का, पुरुषोत्तम साहू, धर्मेंद्र यादव, राजेश चंद्राकर, आशुतोष सिंह, कमल नारायण सोनी, प्रणव नारायण सोनी, गणेश भंवरीलाल ओझा, कन्हैयालाल वैद्य, नितिन, अमित तथा गौतम राम सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### डी एम सी प्रीमियर लीग शुरू



**कुम्हारी।** डी एम सी प्रीमियर लीग सीजन 1 क्रिकेट टूर्नामेंट शनिवार को प्रारम्भ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रेस क्लब कुम्हारी के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष इमरान रिज़वी के हाथों नारियल तोड़कर किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच कुम्हारी हंटर एवं कुम्हारी हीटर के मध्य खेला गया। जिसमें कुम्हारी हीटर ने जीत दर्ज की। प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड धर्मेन्द्र यादव को दिया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही है। आयोजन में वेद प्रकाश साहू, सिद्धार्थ वाधवानी, दीपक गोस्वामी, आलोक सिंह, देवाशीष दास, राजू मंडल, राकेश मंडल, सिद्धार्थ , करण राधेश्याम, उमेश, राजेश, बबलू, ध्रुव कुमार नायक एवं दिनेश राजपूत सहित कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### अंतर विश्वविद्यालय बॉक्सिंग स्पर्धा में हिस्सा लेने रविवि की टीम पंजाब रवाना



**रायपुर।** अंतर विश्वविद्यालय महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर पंजाब में 9 से 14 मार्च तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला बॉक्सिंग टीम 6 मार्च को रवाना हुई। टीम के खिलाड़ियों को शारीरिक शिक्षा विभाग की संचालक डॉ. रीता वेणुगोपाल तथा डॉ. सी. डी. आगासे ने शुभकामनाएं दिए। टीम में संजना, छाया, पूजा, सुष्मिता, ईशा, दामिनी, और खुशबू शामिल हैं। टीम के मैनेजर आदिल अहमद तथा कोच शहनाज बेगम हैं।

### प्रतिभा 11 की 8 विकेट से जीत



**भिलाई।** प्रतिभा 11 क्लब सेक्टर 5 द्वारा आयोजित महिला क्रिकेटर प्रतियोगिता द्वितीय वर्ष में रविवार को शानदार मुकाबले हुए। खेले गए मैच में बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर- 1 में प्रथम सेमीफाइनल मैच प्रतिभा 11 एवं खुर्सीपार 11 के मध्य खेला गया। जिसे प्रतिभा 11 ने 13 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच रितिका गुप्ता रही। दूसरा सेमी फाइनल मैच नित्या 11 एवं रौनक 11 के मध्य खेला गया। परिणाम नित्या 11 ने 16 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच संतोषी तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में खुर्सीपार 11 क्लब ने रौनक 11 को 8 विकेट से पराजित किया। प्लेयर ऑफ द मैच जानकी रेड्डी रही। फाइनल मैच प्रतिभा 11 एवं नित्या 11 के मध्य खेला गया। जिसे प्रतिभा 11 ने 8 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच रितिका गुप्ता रही। फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्डी राजेंद्र प्रसाद उप महाप्रबंधक( क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधा विभाग )भिलाई इस्पात संयंत्र थे। इस अवसर पर मोहम्मदआरिफ के सौजन्य से प्रथम पुरस्कार, श्री छोटू के द्वारा द्वितीय पुरस्कार और शकुंतला साहू के द्वारा तृतीय पुरस्कार की राशि प्रदत की गई। इस दौरान नितिन नायर , शिखा राय , कुलजीत सिंह , पीके सिंह, शमा , टोशु , सागर चावडा और अनमोल सिंह सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के बेस्ट बेटर रानू प्रधान, बेस्ट बॉलर रुचिका, बेस्ट कैच गरिमा बेस्ट विकेट कीपर शशि चंद्रा, बेस्ट फील्डर मीनू सिंह, बेस्ट आईकॉनिक प्लेयर डालिया एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रितिका गुप्ता रहे। रविवार के मैचो के अंपायर सपन काकडे, हेमंत ठाकुर, स्कोरर विनोद देवघरे एवं पीयूष मिश्रा, कॉमेंटेटर अभय सुधाकर मोहरील और पिच क्यूरेटर आजाद अहमद खान थे। कार्यक्रम का संचालन सरिता सगोत्रा ने किया।

### नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप में साई कम्बाइंड टीम ने जीता सिल्वर मेडल




**रायपुर।** 46वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप का आयोजन 24 फरवरी से 01 मार्च तक हुगली (पश्चिम बंगाल) में किया गया। जिसमें साईं कम्बाइंड टीम ने सिल्वर मेडल हासिल किया। इन पदक विजेता खिलाड़ियों का एस.टी.सी.,रायपुर में इंचार्ज सहित सभी स्टाफ एवं खिलाड़ियों ने स्वागत किया।

### हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे, सावधानी जरूरी

# कोलेस्ट्रॉल-ट्राइग्लिसराइड में संतुलन नहीं तो परेशानी दे सकता है आपका दिल, बदलाव करें अपनी दिनचर्या में

हृदय रोग, दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। कुछ दशकों पहले तक इसे उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी के रूप में जाना जाता था, हालांकि समय के साथ अब युवा-वयस्क भी इसके शिकार होते जा रहे हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि कोरोना महामारी के बाद से गंभीर हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले काफी तेजी से बढ़ गए हैं। जिन लोगों को कोरोना का संक्रमण रहा है उनमें जोखिम और भी अधिक हो सकता है।

इसके अलावा अगर आपकी लाइफस्टाइल और आहार गड़बड़ है तो इससे खतरा और भी बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी उम्र के लोगों को हार्ट की सेहत का ध्यान रखने की सलाह देते हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं, नियमित रूप से कुछ जांच कराते रहना हृदय की सेहत पर ध्यान रखने में सहायक हो सकता है। विशेषतौर पर यदि आपके ब्लड में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर सामान्य से अधिक बना रहता है तो ये अलार्मिंग माना जाता है, ऐसे लोगों में दिल का दौरा पड़ने के साथ कई अन्य जानलेवा समस्याओं का खतरा रहता है। क्या आप कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के बारे में जानते हैं?



#### कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड भी जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड दोनों शरीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। ट्राइग्लिसराइड्स का उपयोग हमारी कोशिकाएं ऊर्जा के लिए करती है, जबकि कोलेस्ट्रॉल कोशिका झिल्लियों की संरचना के निर्माण करने के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि इनकी बढ़ी हुई मात्रा शरीर के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकती है। जिन लोगों के रक्त में इन दोनों की अधिकता होती है, उनमें हृदय रोगों के विकसित होने और गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का खतरा बढ़ जाता है। आइए इसके बारे में समझते हैं।

#### पहले जानिए कोलेस्ट्रॉल क्या है?

कोलेस्ट्रॉल मोम जैसा पदार्थ होता है जिसकी उचित मात्रा शरीर के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यकता होती है। हालांकि कोलेस्ट्रॉल का अस्वास्थ्यकर स्तर हार्ट अटैक के खतरों को बढ़ाने वाली हो सकती है। 200 mg/dL से कम कोलेस्ट्रॉल का स्तर सामान्य है। 240 एमजी/डीएल या इससे अधिक का स्तर उच्च माना जाता है, जो समस्याकारक स्थिति है।




आमतौर पर हाई कोलेस्ट्रॉल के कोई लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन अगर इसका इलाज नहीं किया गया और ये बढ़ा हुआ रहता है तो ऐसे लोगों में दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा अधिक हो सकता है। आहार में गड़बड़ी के कारण बैड कोलेस्ट्रॉल का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

#### ट्राइग्लिसराइड से होने वाली समस्या

ट्राइग्लिसराइड्स एक प्रकार का फैट है। मक्खन, तेल



जैसे वसा वाले खाद्य पदार्थों के कारण ट्राइग्लिसराइड्स की मात्रा बढ़ सकती है। 150 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर या इससे कम की मात्रा को सामान्य माना जाता है। इसके बढ़ने के कारण स्वास्थ्य जोखिम भी बढ़ने लगते हैं।

ट्राइग्लिसराइड्स की अधिकता धमनियों को सख्त और इसकी दीवारों को मोटा कर देती है जिससे स्ट्रोक, दिल का दौरा और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसकी बढ़ी हुई मात्रा को अग्नाशय और पाचन स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक माना जाता है।



## डेस्क जॉब और दिनभर कुर्सी पर बैठने वाले करें कुछ ऐसा

दुनिया में करोड़ों लोगों की तरह शायद आपकी भी जॉब ऐसी हों, जिसमें दिनभर बैठा रहना पड़ता हो। जो लोग एक स्थिति में घंटों बैठे रहते हैं, उनके शरीर में दर्द होना शुरू हो जाता है। समस्या बढ़ने पर बॉडी पॉश्चर भी बिगड़ सकता है।

आज के समय में बिजनेस मेन हो या ऑफिस जॉब करने वाला, हर कोई सीट पर बैठकर कंप्यूटर / लैपटॉप के सामने घंटों काम करता है। कई लोग इससे राहत पाने के लिए एर्गोनोमिक कुर्सी का प्रयोग करते हैं, जो इस तरह के दर्द को रोकने में मदद कर सकती हैं। लेकिन यह भी हकीकत है कि कई लोगों की दुकान या ऑफिस में इस तरह की महंगी चेयर नहीं होंगी। ऐसे में वे अधिकतर समय एक ही स्थिति में बैठे रहते हैं। ऐसे में अनकम्फर्टेबल कुर्सी पीठ दर्द, सिर दर्द, तनाव, गर्दन और कंधों में जकड़न / अकड़न और लचीलेपन में कमी का कारण बन सकती है। इस अकड़न को कम करने के लिए मसल्स लूज करना जरूरी है, जो कि स्ट्रेचिंग से किए जा सकते हैं।

स्टडी के मुताबिक नियमित रूप से की गई स्ट्रेचिंग गर्दन और कंधे के दर्द को कम करती है। जिससे ऑफिस में प्रोडक्टिविटी बढ़ती है। यदि आप भी उनमें से एक हैं, जो देर



तक एक ही कुर्सी पर बैठकर ऑफिस या डेस्क जॉब करते हैं। इस कारण आपके भी बदन दर्द होता है, तो आज कुछ ऐसे आसान स्ट्रेच जिनसे डेस्क पर काम करते समय बॉडी में बिल्कुल भी अकड़न और दर्द नहीं होता।

#### स्ट्रेचिंग के फायदे यहां समझें

ऑफिस में सिटिंग जॉब करने वालों को एक्सरसाइज से भी काफी मदद मिलती है। लेकिन हर कोई जिम नहीं जा सकता। कुछ लोग सुबह बिस्तर पर स्ट्रेचिंग करना पसंद करते हैं। लेकिन कई लोग ऐसा नहीं करते। ऐसे लोगों को बताना चाहूंगा, स्ट्रेचिंग के कुछ फायदे भी हैं जिनके बारे में हर कोई नहीं जानता। स्ट्रेचिंग हर किसी की लाइफ स्टाइल को कई तरह से फायदा पहुंचाती है। भले ही स्ट्रेचिंग में कम समय लगता है लेकिन यह लंबे समय में प्रोडक्टिविटी में सुधार कर सकती है। स्ट्रेचिंग से जोड़ों और मसल्स का ब्लड फ्लो बढ़ता है। जैसा वर्कआउट करते समय भी होता है और आप अच्छा महसूस करते हैं। विभिन्न मसल्स में खिंचाव के बाद शरीर आमतौर पर बेहतर महसूस करता है। लेकिन ऑफिस में स्ट्रेचिंग करते समय विशेष रूप से ध्यान रखें कि आप ठंडे मसल्स को ढीला कर रहे हैं। इसलिए धीरे-धीरे स्ट्रेच करें, नहीं तो मसल्स में खिंचाव आ सकता है। गर्दन, पीठ, कंधों, हिप्स की अकड़न ध्यान में रखते हुए फ्लेग्जिबिलिटी स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कुछ ही समय में आपको शरीर की अकड़न कम करने में मदद करेगी।

#### वन आर्म हग

इस स्ट्रेच को करते समय दायां हाथ आगे से बाएं कंधे पर रखें। इसके बाद अधिक खिंचाव के लिए बाएं हाथ से दाएं हाथ की कोहनी को पीछे की ओर धकेलें। इससे हाथ और शोल्डर पर स्ट्रेच आएगा। इस स्ट्रेच को दोनों हाथों से 30-30 सेकेंड के लिए 2-3 बार करें।



## अग्रवाल प्रीमियर लीग 4.0 का भव्य समापन, 12 टीमों के रोमांचक मुकाबलों ने बांधा समां

**रायपुर।** अग्रवाल युवा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट "अग्रवाल प्रीमियर लीग 4.0" का भव्य समापन रविवार को हुआ। रायपुर के सुपर-6 ग्राउंड, सीजी क्लब सिविल लाइंस में आयोजित इस प्रतियोगिता में समाज की कुल 12 टीमों ने भाग लिया और दो दिनों तक रोमांचक मुकाबले खेले गए। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और दर्शकों के उत्साह ने आयोजन को यादगार बना दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा (सदस्य, महिला आयोग छत्तीसगढ़), वैभवी अग्रवाल (आईएएस) एवं विशेष अतिथि नवनीत अग्रवाल (अध्यक्ष – यूथ विंग, क्रेडाई छत्तीसगढ़) थे। फाइनल मुकाबले में विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि नवनीत अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को एक मंच प्रदान करते हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और टीम भावना को मजबूत करते हैं। मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना सिखाते हैं। वैभवी अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रहना चाहिए। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल प्रीमियर लीग का उद्देश्य समाज के युवाओं को एक मंच पर लाकर उनमें आपसी भाईचारे और खेल भावना को बढ़ावा देना है। समाज के सहयोग से यह आयोजन लगातार सफल होता जा रहा है। युवा मंडल अध्यक्ष सीएस सौरभ अग्रवाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट में समाज की 12 टीमों ने जिस उत्साह के



साथ भाग लिया, वह युवाओं की खेल के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। आगे भी ऐसे आयोजन और बड़े स्तर पर किए जाएंगे। युवा मण्डल प्रभारी कमल अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल युवा मंडल का उद्देश्य समाज के युवाओं को खेल, सेवा और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना है। अग्रवाल प्रीमियर लीग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मीडिया प्रभारी उदित अग्रवाल ने सभी प्रायोजकों, टीम ओनर्स, खिलाड़ियों और सहयोगियों के सहयोग से हुए सफलतापूर्वक आयोजन की जानकारी दी। अंत में अग्रवाल युवा मंडल के पदाधिकारियों –अध्यक्ष विजय अग्रवाल, युवा प्रभारी योगेश अग्रवाल एवं कमल अग्रवाल, युवा मंडल महामंत्री वेदान्त अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हर्षित अग्रवाल, संगठन मंत्री सौरभ अग्रवाल, सलाहकार नितिन अग्रवाल, आयुष मुरारका, अमर अग्रवाल तथा समाज के अन्य वरिष्ठ जन की उपस्थिति में सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और टीम ओनर्स का सम्मान किया गया।

## घर में बेलपत्र का पौधा लगाने का नियम जाने वास्तु के नजरिए से



बेल के पौधे को ज्योतिष और वास्तु में बहुत शुभ माना जाता है। इस पौधे की पत्तियों को हमेशा भगवान शिव की पूजा में अर्पित किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि यदि आप इस पौधे को घर पर लगा रही हैं तो वास्तु के नियमों का पालन जरूरी है। धार्मिक दृष्टिकोण से, बेल के पेड़ को पवित्र और प्रभावशाली माना जाता है और इस पेड़ की पूजा से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। इसलिए, बेल के पेड़ को शिव जी के साथ जुड़ी हुई विशेष पूजा और आस्था का हिस्सा माना जाता है।

घर में बेल का पौधा लगाना वास्तु शास्त्र और धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत शुभ माना जाता है। विशेष रूप से यह पौधा भगवान शिव से जुड़ा है, इसलिए जिस स्थान पर ये पौधा होता है वहां भगवान शिव की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। मान्यता है कि इस पौधे को यदि आप अपने घर की सही दिशा में लगाती हैं तो सदैव शिव जी की कृपा दृष्टि बनी रहती है। यही नहीं इससे सकारात्मक ऊर्जा पूरे घर में फैलती है। हालांकि आप जब भी ये पौधा घर में लगाएं इसकी सही दिशा का ध्यान रखना बहुत जरूरी है और इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि यह पौधा किसी भी कारण से सूखना नहीं चाहिए। आपको इस पौधे की नियमित देखभाल करनी चाहिए और इस पर समय-समय पर जल चढ़ाना चाहिए।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेल का पौधा घर के उत्तर-पूर्व यानी ईशान कोण या उत्तर दिशा में ही लगाना सबसे शुभ माना जाता है। यदि आप इस दिशा में बेल का पौधा लगाती हैं तो जीवन में सदैव सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। इसके अलावा, बेल के पत्तों का प्रयोग भगवान शिव की पूजा में भी किया जाता है।

कार्नर न्यूज

### दूसरों से अलग दिखने उठाएं जरूरी कदम

# खाली वक्त में ऐसे काम करके बन जाएं दूसरों से स्मार्ट, लोग चल पड़ेंगे आपके रास्ते पर

आप दूसरों से अलग दिखना चाहते हैं और इसके लिए वो सब करते हैं, जो आपको जरूरी लगता है। तो क्या आप अपने मंसूबों में सफल हो गए हैं? अगर नहीं तो हमारे पास कुछ नायाब तरीके हैं। ये वो तरीके हैं जो आपको दूसरों से अलग साबित करेंगे और वो भी सिर्फ दिखाने के लिए नहीं बल्कि आप सच में दूसरों से अलग हो जाएंगे। आपमें वो खूबियां होंगी जो आपको दूसरों से अलग बनाएंगी। इसलिए आप अगर खुद को दूसरों से अलग महसूस करते हैं तो अब ऐसा सोचना बंद कर दीजिए, हम आपके लिए कुछ खास तरीके ले आए हैं। इन तरीकों को जानिए और खुद को दूसरों से अलग बनाइए, इसके लिए आपको अलग से समय भी नहीं निकालना है बल्कि आपको अपने फ्री टाइम को इस्तेमाल करना है बस।

हम आपको यहां पर ऐसी एक्टिविटी करने की सलाह देंगे, जो पर्सनालिटी को उभारती हों। जो आपकी मानसिक स्थिति को मजबूत करती हों। दरअसल कुछ स्टडी में पाया गया है कि कई तरह की ऐसी एक्टिविटी होती हैं, जिनके साथ लोग आपको ज्यादा स्मार्ट मानते हैं।

इन एक्टिविटी की बात करें तो इनमें



आप अपनी हॉबी शामिल कर सकते हैं। क्योंकि ज्यादातर हॉबी ऐसी होती हैं जो हर किसी को नहीं आती हैं। ऐसे में अगर आप उस हॉबी को अपना लेते हैं तो आप अपने आप ही दूसरों से अलग महसूस करने लगते हैं।

लेकिन ध्यान देने वाली बात ये भी है कि आपको कोई भी हॉबी नहीं अपनानी है बल्कि आपको हॉबी का चुनाव सोच समझकर करना है। आप किन-किन हॉबी को चुन सकते हैं, समझ लीजिए-

#### भाषा सीखिए

एक नई भाषा के जानकार अक्सर नहीं होते हैं। आमतौर पर लोगों को अपने क्षेत्र की भाषा और इंग्लिश का ज्ञान ही होता है। आपको अगर एक और भाषा आती है तो आप जरूर ही दूसरों से अलग महसूस करेंगे। नई भाषा सीखना व्यक्तिगत, व्यावसायिक और मानसिक विकास के लिए बेहद फायदेमंद है। यह दिमागी क्षमता और याद्दाश्त को तेज करता है, बेहतर नौकरी के अवसर प्रदान करता है, यात्रा को मजेदार बनाता है और विभिन्न संस्कृतियों को समझने में मदद करता है। इसके अलावा, यह आत्मविश्वास बढ़ाता है और मस्तिष्क को लंबे समय तक स्वस्थ रखता है।

#### मेडिटेशन

मेडिटेशन आपको शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी मजबूत बनाता है। मेडिटेशन मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। यह तनाव, चिंता और डिप्रेशन को कम करता है, मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता (फोकस) बढ़ाता है।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### जैन मलिक ने हदीद को दिया था धोखा, सुपरमॉडल से सिंगर ने नहीं किया प्यार

जैन मलिक ने हाल ही में अपनी पूर्व पार्टनर गिगी हदीद के साथ अपने रिश्ते पर बात की। उन्होंने कहा कि पांच साल तक डेट करने और एक बेटी खई होने के बावजूद,



उन्हें नहीं लगता कि वे कभी गिगी से प्यार करते थे। जैन ने बताया कि उस समय उन्हें लगा होगा कि यह प्यार था, लेकिन अब उन्हें लगता है कि यह प्यार नहीं बल्कि कुछ और था।
एक वक्त पर जैन मलिक जीजी हदीद को हमेशा अपने पास रखना पसंद करते थे लेकिन अभी पिछले काफी समय से दोनों साथ में दिखाई नहीं दिए। दोनों को अलग हुए पांच साल से भी अधिक समय हो गया है और अब जाकर वन डायरेक्शन के पूर्व सदस्य जैन मलिक ने इस पर बात की। जैन ने कहा कि हालांकि दोनों ने पांच सालों तक डेट किया लेकिन उन्हें अब लगता है कि उनके बीच प्यार कभी था ही नहीं।
जैन ने शो कॉल हर डैडी पर कहा, ₹सच कहूं तो यह बात रिकॉर्ड पर रहे, मैं हमेशा जी से प्यार करूंगा, क्योंकि मेरी बच्ची के इस दुनिया में होने का कारण वही है और मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।₹ बता दें कि जैन और गिगी की 5 साल की बेटी खई है। जैन ने कहा कि मैं हमेशा उनसे प्यार करूंगा, लेकिन मुझे नहीं पता कि मैं उनसे प्यार करता था या नहीं।₹ हालांकि जैन को पक्का नहीं पता कि क्या उन्हें कभी सुपरमॉडल से सचमुच प्यार हुआ था। सिंगर अभी भी इस पर कंफ्यूज दिखे। दोनों का नाम सबसे पहली बार साल 2016 में जोड़ा गया था। उन्होंने फिर दोहराया, "मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं, लेकिन नहीं, मुझे नहीं लगता कि उस समय मैं उनसे प्यार करता था।"

## टॉलीवुड

### 14 राज्यों में शादी की मिठाई बांटेंगे , फूड ट्रक भेजकर करेंगे फैंस का मुंह मीठा

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना बीते 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधे। अपनी शाही शादी की खुशियां कपल अपने फैंस के साथ मनाएगा, इसके लिए देशभर में



मिठाई बांटी जा रही है। विजय और रश्मिका मंदाना की शादी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। बीते 26 फरवरी को उदयपुर में 'विरोश' रस्मो-रिवाज के साथ विवाह बंधन में बंध गए हैं। अपनी शादी की खुशी में कपल ने अपने फैंस का मुंह मीठा कराने की तैयारी की है। देश के तमाम हिस्सों में मिठाई पहुंचाई जाएगी। इसके लिए ट्रक भरकर मिठाई रवाना की गई है। खुद विजय ने यह जानकारी अपने फैंस के साथ साझा की है। विजय और रश्मिका ने एक साझा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस का आभार जताया है। उन्होंने लिखा है, 'इस देश के खूबसूरत लोगों के लिए। आप हमेशा हमारी यात्रा और हमारे प्यार का हिस्सा रहे हैं। हम अपनी जिंदगी के इस खूबसूरत पल की खुशी आप सभी के साथ शेयर करने के लिए पूरे देश में प्यार और मिठाइयों से भरे ट्रक भेज रहे हैं। हम देश भर के कई मंदिरों में अन्नदान करेंगे। आप सभी का आशीर्वाद चाहिए'।
विजय और रश्मिका की शादी की मिठाई तेलंगाना से लेकर बिहार तक 14 राज्यों के अलग-अलग शहरों में भेजी जाएगी। दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश सहित कई स्टेट शामिल हैं। इसके अलावा कपल अलग-अलग मंदिरों में आनंदनम भी करवाएंगे। इसके तहत मंदिरों में भोज परोसा जाएगा। विरोश ने अपनी शादी की खुशी में फैंस को शामिल करके एक मिसाल पेश की है। जिन मंदिरों में अन्नदान करने वाले हैं, उसकी सूची कपल ने साझा की है। रश्मिका और विजय 'गीता गोविंदम' और 'डियर कॉमरेड' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं।

## भोजपुरी

### काजल राघवानी की 'वैदेही' का दमदार ट्रेलर छाया, बहू वाले अवतार ने उड़ाए होश

भोजपुरी फिल्म स्टार काजल राघवानी की फिल्म 'वैदेही' का ट्रेलर चर्चा में हैं। इसमें वैदेही का रूप ऐसा है, जो झकझोर कर रख देता है। कहानी और ट्विस्ट भी



चौंकाने वाले हैं। ट्रेलर देख भोजपुरी के फैंस तारीफ कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्मों की क्वीन कही जाने वालीं काजल राघवानी अपनी एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम है 'वैदेही' और ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में काजल राघवानी वैदेही नाम की एक ऐसी लड़की का किरदार निभा रही हैं, जिसकी शादी एक ऐसे घर में कर दी जाती है, जहां कोई भी मिलकर नहीं रहता। वैदेही कैसे उस चिड़ियाघर रूपी घर को वृंदावन बनाती है, वह बड़ी खूबसूरती से ट्रेलर में दिखाया गया है। 'वैदेही' का ट्रेलर काफी दिलचस्प है और इसे खूब पसंद किया जा रहा है। 'वैदेही' एक भावुक कर देने वाली फैमिली ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में उन पलों की भी झलक दिखाई गई है, जब वैदेही के पति की एक हमले में मौत हो जाती है और वह विधवा हो जाती है। उस वक्त ससुर एक पिता बनकर बहू का कैसे साथ देता है, वह दिल छू लेने वाला है। काजल राघवानी भी खूब जमी हैं और वैदेही के किरदार में दमदार लगी हैं। कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जो हमेशा के लिए दिलों पर छाप छोड़ जाती हैं और 'वैदेही' की कहानी कुछ ऐसी ही है। इसकी झलक फिल्म के ट्रेलर में भी नजर आती है। 'वैदेही' में कई दमदार डायलॉग भी हैं। एक डायलॉग है, जो शुरू में आता है और पूरी फिल्म का सार बताता है।




विरासत की देन

भारत में 2026 के लिए एथनिक फ़ैशन पारंपरिक विरासत और मॉडर्न, आरामदायक और टिकाउपन के फ़्यूज़न पर आधारित है। जिसमें मुख्य ट्रेंड्स में कई तरह की ड्रेप वाली साड़ियाँ, वाइब्रेंट लहंगा चोली और कंटेंपररी, इंडो-वेस्टर्न, सिल्हूट जैसे को-ऑर्ड सेट, जंपसूट और पलाज़ो सूट शामिल हैं। मुख्य ट्रेंड्स में फ़्यूज़न और मॉडर्नाइज़ेशन शामिल हैं। 2026 के लैंडस्केप में रेडी-टू-वियर साड़ियाँ, केप और जंपसूट जैसे कम रोक-टोक वाले डिज़ाइन होंगे, जो आराम और आसान स्टाइल पर ज़ोर देंगे।

# बाजार में मिलती हैं कई तरह की लिपस्टिक, खरीदने से पहले परख लें


अगर महिलाओं के सबसे प्रिय मेकअप की बात करें तो उसमें लिपस्टिक सबसे ऊपर ही आती है। लिपस्टिक के भी कई प्रकार होते हैं, जिनके बारे में जानना हर किसी के लिए बेहद जरूरी होता है। जिससे आप जब लिपस्टिक खरीदने जाएं तो आपको इसके बारे में सही से पता हो और आप अपने लिए सही लिपस्टिक का चुनाव कर सकें।

### क्रेयॉन लिपस्टिक

आजकल की लड़कियों को क्रेयॉन लिपस्टिक बेहद पसंद आती है। ये देखने में बिल्कुल ऐसी होती है, जैसे कि हम बचपन में रंग भरने के लिए क्रेयॉन का इस्तेमाल करते हैं। इसकी सबसे खास बात ये है कि ये लंबे समय तक होंठों को नमी देती है। इसके इस्तेमाल से होंठ सूखते नहीं हैं।

### पैंसिल लिपस्टिक

ये देखने में बिल्कुल पैंसिल के जैसी ही होती है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले



पैंसिल लिपस्टिक की मदद से होंठों की लाइन बनाएं, इसके बाद आप चाहें तो इसी पेंसिल के इस्तेमाल से लिपस्टिक लगा सकती हैं।

### मैट लिपस्टिक

अगर आपको ऐसी लिपस्टिक पसंद आती हैं, जो लंबे समय तक टिकी रहे तो मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से पहले होंठों पर लिप बाम जरूर लगाएं। अगर आप लिप बाम का इस्तेमाल नहीं करेंगी, तो होंठ सूखने लगेंगे।

### क्रीम लिपस्टिक

ये बिल्कुल मैट लिपस्टिक की तरह ही होती है। बस फर्क इतना होता है कि, क्रीम लिपस्टिक को आप बिना लिप बाम लगाए लगा सकते हैं। इसका क्रीमी टेक्सचर आपको खूबसूरत लुक देने का काम करता है।

### ग्लॉसी लिपस्टिक

बहुत सी लड़कियों को ग्लॉसी लिपस्टिक काफी पसंद आती है। ऐसे में आपके कलेक्शन में भी एक ग्लॉसी लिपस्टिक होनी ही चाहिए।

### लिप टिंट

आजकल लड़कियों को लिपस्टिक की बजाए लिप टिंट काफी पसंद आते हैं। इसे कैरी करना आसान होता है। इसके साथ ही इसे लगाना भी काफी आसान होता है।

# साड़ी का बॉर्डर निकालकर दोबारा करें इस्तेमाल, लोग तारीफ करते नहीं थकेंगे



बदलते फैशन के दौर में साड़ी एक ऐसा परिधान है, जो कभी आउटडेटेट नहीं होती। कई बार ऐसा होता है कि महिलाएं एक ही साड़ी पहनते-पहनते बोर हो जाती हैं। ऐसे में हम आपको साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करना जरूर आना चाहिए।



आपको बताएंगे, कि कैसे आप अपनी प्रिय साड़ी के बॉर्डर का इस्तेमाल कई तरह से कर सकती हैं। इससे आपके पास एक खूबसूरत सा आउटफिट भी तैयार हो जाएगा, साथ ही में आपकी फेवरेट साड़ी आपके पास ही रहेगी। साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं हैं।

### ब्लाउज में लगवाएं बॉर्डर



अगर आपके पास हैवी जरदोजी के वर्क वाली साड़ी है तो आप इसका बॉर्डर निकलवाकर अपने ब्लाउज में लगवा सकती हैं। बॉर्डर का इस्तेमाल ब्लाउज की स्लीव्स में किया जा सकता है। इसके साथ ही आप चाहें तो बैक डिजाइन में भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### प्लेन साड़ी में लगाएं बॉर्डर

अगर आपके पास कोई प्लेन साड़ी है, जिसे आप खास बनाना चाहती हैं, तो पुरानी साड़ी के बॉर्डर को आप इस प्लेन साड़ी में लगा सकती हैं। इससे आपके साड़ी का लुक काफी बदल जाएगा।
साड़ी के बॉर्डर को दोबारा कैसे इस्तेमाल करें ?

### प्लेन सूट में करें इस्तेमाल

अपने प्लेन सूट का लुक बदलने के लिए आप साड़ी के बॉर्डर का इस्तेमाल कर सकती हैं। साड़ी के बॉर्डर को आप स्लीव्स, नेक और बैक में लगवा सकती हैं।

### दुपट्टे पर लगवाएं

साड़ी के इस बॉर्डर को आप अपने प्लेन या प्रिंटेड दुपट्टे के साथ कैरी कर सकती हैं। इससे आपके दुपट्टे का लुक एकदम से बदल जाएगा।

# मेंस फैशन में स्किन केयर से जुड़ी ऐसी गलतियां अक्सर करते हैं लोग

क्या आप भी शेविंग क्रीम की जगह फोम का प्रयोग करते हैं? या फिर बॉडी और फेस के लिए आप भी एक ही साबुन का इस्तेमाल करते हैं? अगर हां तो जरा सावधानी बरतिए। जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### हर काम के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें।



### हो सकती है जलन

फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है।

# अट्रैक्टिव लुक के लिए ऑफिस में पहनें ऐसे फुटवियर, मिलेगी तारीफ

ऑफिस गोइंग वीमेन कई बार इस समस्या में उलझ जाती है कि ऑफिस में वो किस तरह के फुटवियर पहनें जो अट्रैक्टिव लुक दें और साथ ही कंफर्टेबल भी हो। इसी के साथ महिलाएं इस बात को लेकर भी कन्फ्यूज्ड रहती हैं कि कौन-से आउटफिट के साथ कौन-से फुटवियर पहने और इस वजह से कई बार वो गलत फुटवियर को चुनाव भी कर लेती हैं लेकिन इस आर्टिकल के जरिए उनकी सारी कन्फ्यूजन खत्म हो जाएगी।

### फ्लैट सैंडल

अगर आपकी हाइट अच्छी है तो आप ऑफिस में फ्लैट सैंडल पहन सकती हैं। फ्लैट सैंडल जहां कंफर्टेबल हैं तो वहीं फ्लैट सैंडल को पेंट या लेगिंग्स के साथ भी



पहन सकते हैं। ये फ्लैट सैंडल ऑफिस के परफेक्ट फुटवियर है। फ्लैट सैंडल के कई सारे ऑप्शन आपको बाजार और ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मिल जायेंगे। यहां से आप फ्लैट सैंडल के कई सारे डिजाइन में खरीद सकती हैं। जो आपको 500 से 1000 की कीमत में मिल जाएंगे।

### स्नीकर्स

ऑफिस में पहनने के लिए स्नीकर्स भी बढ़िया ऑप्शन है। अगर आप वेस्टर्न ड्रेस या जीन्स पहनकर ऑफिस जा रही है तो इस ऑउटफिट के साथ स्नीकर्स पहन सकती हैं। इसी के साथ लॉन्ग शर्ट, लॉन्ग टॉप साथ ही टॉप के साथ भी स्नीकर्स पहन सकती हैं। स्नीकर्स में जहाँ इन दोनों वाइट रंग बड़ा ही ट्रेंड इ हैं जिसे खूब पसंद किया जाता है तो वहीं स्नीकर्स के कई सारे ऑप्शन भी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह मिल जायेंगे। यहां से आप इन्हें सस्ते दामों में कई सारे डिजाइन में खरीद सकती हैं। जो आपको 300 से 700 के बीच खरीद सकते हैं।

कार्नर न्यूज

## गर्मी में हर फैशनेबल लड़के को पहननी चाहिए ऐसी शर्ट, लोग कहेंगे वाह

# सूरज का पारा चढ़ रहा, ऐसे में स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स खूब जंचेगी आप पर

हाफ स्लीव्स शर्ट्स गर्मी के दिनों के लिए ही बेहतर मानी जाती हैं। लॉकडाउन फैशन ट्रेंड्स में भी हाफ शर्ट्स की डिमांड खूब दिख थी क्योंकि इनको किसी भी बॉटम वियर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। लेकिन परफेक्ट लुक के लिए हाफ स्लीव्स शर्ट्स की गाइड पढ़नी जरूरी है। क्योंकि केवल हाफ शर्ट की शॉपिंग करने से बात नहीं बनने वाली। अधिकतर उम्रदराज पुरुषों को हमने इस तरह की शर्ट्स में देखा है। इसलिए भी कई लड़के हाफ शर्ट पहनने से कतराते हैं। फिलहाल इस परेशानी को दूर करने के लिए हम आपको यहां पर कुछ स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स की जानकारी देने जा रहे हैं।

### ट्राइब प्रिंटेड शर्ट्स

अगर हाफ स्लीव शर्ट्स स्टाइलिश और नॉर्मल से थोड़ी हटकर हो तो हर किसी का पहनने का मन करेगा। इस तरह के प्रिंट देखने में काफी मनमोहक लगते हैं।

### बैंड कॉलर शर्ट्स

शर्ट्स के कॉलर लुक को निखारने



के काम करते हैं। इसलिए इस तरह की कॉलर स्टाइल वाली हाफ स्लीव शर्ट पहनें। इनको पहनते वक्त कॉलर बटन जरूर बंद करें।

### हाफ स्लीव प्रिंटेड शर्ट

वैसे तो प्रिंट में कई डिजाइन की शर्ट्स मिलेंगी लेकिन आप गर्मी के लिए इस तरह की हाफ स्लीव शर्ट्स ट्राय करें। इनका कलर और डिजाइन सुकून देने वाला है।

### मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट

मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट सामान्य शर्ट्स की तुलना में अच्छी दिखती हैं। इस स्टाइल की शर्ट्स को कहीं भी पहनकर जा सकते हैं।

### क्यूबन कॉलर शर्ट्स

क्यूबन कॉलर वाली शर्ट्स को पहनना बहुत कम लोग पसंद करते हैं। लेकिन जिन्हें गले और सीने के पास थोड़ा खुलापन चाहिए वे इस स्टाइल वाली शर्ट पहनते हैं।

### लीफ प्रिंट शर्ट्स

फ्लोरल और लीफ प्रिंट शर्ट्स में बहुत अधिक अंतर नहीं है। लेकिन आपको केवल पत्तों का प्रिंट चाहिए तो ये शर्ट सही रहेगी।

### स्ट्राइप्ड शर्ट

स्ट्राइप्ड शर्ट लंबे समय से हम पहनते आ रहे हैं। मगर यहां पर दी गई हाफ स्लीव शर्ट में थोड़ा नयापन दिख रहा है। इसलिए लेटेस्ट ट्रेंड को पसंद करने वालों के लिए ये सही है।

